www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 15 अगस्त, 2024, गुरुवार, वर्ष 09, अंक 296, श्रावण, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 24+24+24=72, मूल्य : ₹3.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



समस्त प्रदेश एवं देशवासियों को

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मैं स्वतंत्र हूँ, पढ़ाई के छोटे-मोटे खर्चों से, मुझे मिला **सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ**

मैं स्वतंत्र हूँ, विदेश में उच्च शिक्षा के लिए, मुझे मिला **मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का लाभ**

मैं स्वतंत्र हूँ, रोजमर्रा की आर्थिक परेशानी से, मेरा **झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में हुआ निबंधन**


मैं स्वतंत्र हूँ, **पलाश ब्रांड** ने मुझे दिया आर्थिक स्वावलंबन

मैं स्वतंत्र हूँ, उच्च/तकनीकी शिक्षा के लिए, मुझे मिला **गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ**

मैं स्वतंत्र हूँ, कृषि ऋण की चिंता से, मुझे मिला **झारखण्ड कृषि ऋण माफ़ी योजना का लाभ**

मैं स्वतंत्र हूँ, बुढ़ापे की आर्थिक समस्या से, मुझे मिला **सर्वजन पेंशन योजना का लाभ**

मैं स्वतंत्र हूँ, बीमारी में खर्च की चिंता से, सरकार दे रही है **अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ**



**आइये हमसब मिलकर झारखण्ड के वीर सपूतों और वीरांगनाओं के सोना झारखण्ड के सपनों को साकार करने में अपना योगदान दें।**

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

P.R. 332867 (IPRD) 24-25


सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तान हमारा
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
तिरंगा ही आन है, तिरंगा ही शान है,
और तिरंगा ही हम हिंदुस्तानियों की पहचान है।
INDIA
रमेश सिंह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा, झारखंड प्रदेश


15
AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सबका साथ
सबका विकास....
डॉ. प्रदीप वर्मा
राज्य सभा सांसद सह
भाजपा प्रदेश महामंत्री
झारखंड

“सैमफोर्ड अस्पताल की ओर से आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ”

आइए, साथ मिलकर स्वास्थ्य और स्वतंत्रता का उत्सव मनाएं!

SAMFORD
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
State of The Art Straight From The Heart



| | | | |
|---|---|---|---|
| एनेस्थीसिया | आपातकालीन ट्रॉमा केयर | स्त्री रोग | पीडियाट्रिक सर्जरी |
| कार्डियोलॉजी | गैस्ट्रोएंटरोलॉजी | ऑन्कोलॉजी (कैंसर) | यूरोलॉजी |
| इंटरनल मेडिसिन | सामान्य & लेप्रोस्कोपिक सर्जरी | ऑपथैल्मोलॉजी (नेत्र विज्ञान) | डायलिसिस |
| डर्मेटोलॉजी | जनरल मेडिसिन | ऑर्थोपेडिक्स | पल्मोनोलॉजी |
| डायबिटीज | न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स | फिजियोथेरेपी | रुमेटोलॉजी और इम्यूनोलॉजी |
| ईएनटी | बालचिकित्सा | मनोचिकित्सा | |
| रेडियोलॉजी | नेफ्रोलॉजी चिकित्सा | | |
| क्लीनिकल पैथोलॉजी | न्यूरोलॉजी | | |

Samford Hospital, Kokar Chowk, Ranchi, Jharkhand | samfordhospital

7360080012 | 7360080039 | 8877188771
1800-1234-00001 | 0651-7111888

Recognized By
QCI

www.samfordhospital.com
info@samfordhospital.com



संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं
जोहार



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

समस्त राज्यवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं जोहार

स्वतंत्र भारत अपनी स्वतंत्रता के 78वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। हमें यह सुखद अवसर प्रदान करने वाले समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को हमारा शत्-शत् नमन। स्वतंत्रता आंदोलन में झारखण्डवासियों के अतुलनीय संघर्ष व बलिदान की गौरव गाथा को भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें भी हमारा नमन।

स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण jhargov.tv एवं अन्य चैनलों पर देखा जा सकता है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 332869 (IPRD) 24-25

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 15 अगस्त, 2024, गुरुवार, वर्ष 09, अंक 296, श्रावण, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 24+24+24=72, मूल्य : ₹3.00

## खुशखबरी : खनिजों पर रॉयल्टी के मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक आदेश

# झारखंड की बल्ले-बल्ले, मिलेगा 1.36 लाख करोड़ बकाया

- राज्यों को अप्रैल 2005 से बकाया वसूलने की अनुमति दी अदालत ने
- 12 किस्तों में होगा भुगतान, आगामी प्रभाव से लागू करने की दलील खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने खनिज संपन्न राज्यों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार से 12 वर्ष में क्रमबद्ध तरीके से रॉयल्टी तथा कर पर 1 अप्रैल 2005 से बकाया लेने की अनुमति दे दी। चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बुधवार को कहा कि 25 जुलाई के आदेश को आगामी प्रभाव से लागू करने की दलील खारिज की जाती है। पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस अदालत ने उसके समक्ष आये सवालों का 8:1 के बहुमत से 25 जुलाई को जवाब दे दिया था। साथ ही खदानों, खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार राज्यों को दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से राज्यों को उनका बकाया मिल सकेगा। इससे झारखंड को भी लाभ होगा और उसे बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये मिल सकेंगे।

### 31 जुलाई को हुई थी सुनवाई

चीफ जस्टिस ने कहा कि 25 जुलाई का फैसला सुनाने के बाद केंद्र सरकार ने इस फैसले को आगामी प्रभाव से लागू करने का अनुरोध किया था। मामले पर 31 जुलाई को सुनवाई की गयी थी। केंद्र ने खनिज संपन्न राज्यों को 1989 से खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर लगायी गयी रॉयल्टी उन्हें वापस करने की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि इसका असर नागरिकों पर पड़ेगा और प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) को अपने खजाने से 70 हजार करोड़ रुपये निकालने पड़ेंगे।

### किस्तों में भुगतान करने का समय

सूची-2 की प्रविष्टि 49 भूमि तथा इमारतों पर कर से जुड़ी है, जबकि प्रविष्टि 50 खनिज विकास से संबंधित कानून द्वारा लागू किसी भी पाबंदी के अधीन खनिज अधिकारों पर करों से जुड़ी है। पीठ में जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि राज्यों द्वारा कर लेने के लिए 1 अप्रैल 2026 से 12 वर्ष की अवधि में किस्तों में भुगतान करने का समय दिया जायेगा।

### ब्याज और जुर्माना सभी करदाताओं के लिए माफ

शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि 25 जुलाई, 2024 से पहले राज्यों द्वारा केंद्र और खनन कंपनियों से की गयी करों की मांग पर ब्याज और जुर्माना सभी करदाताओं के लिए माफ कर दिया जायेगा। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि इस फैसले पर पीठ के आठ न्यायाधीश हस्ताक्षर करेंगे, जिन्होंने बहुमत से 25 जुलाई का फैसला दिया था, जिसमें राज्यों को खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार दिया गया था। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति नागरत्ना बुधवार के फैसले पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी, क्योंकि उन्होंने 25 जुलाई को अलग फैसला दिया था।



### 2005 से पहले की लेन-देन पर टैक्स नहीं

पीठ ने कहा कि यह दलील खारिज की जाती है कि खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम (एमएडीए 25 जुलाई के आदेश) को आगामी प्रभाव से लागू किया जाये। उसने केंद्र और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों समेत खनन कंपनियों द्वारा राज्यों को बकाये के भुगतान पर शर्तें लगायीं। कोर्ट ने कहा कि राज्य एमएडीए (25 जुलाई के आदेश) में निर्धारित कानून के अनुसार संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-2 की प्रविष्टि 49 और 50 से संबंधित कर मांग सकते हैं या नये सिरे से कर की मांग कर सकते हैं। कर की मांग 13अप्रैल 2005 से पहले की लेन-देन पर नहीं होनी चाहिए।

### खनिज युक्त भूमि पर कर नहीं वसूल सकते

झारखंड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि अब भी एक मुद्दा है कि खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर रॉयल्टी वसूलने के लिए राज्य के कानून को बरकरार रखने की जरूरत है, जिसे रद्द कर दिया गया था। अधिवक्ता द्विवेदी के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता तापेश कुमार सिंह भी झारखंड की ओर से पेश हुए। अधिवक्ता द्विवेदी ने कहा, इस अधिनियम को वैध घोषित करने तक हम खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर कर नहीं वसूल सकते। कृपया इसे उचित पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें। द्विवेदी पटना हाइकोर्ट की रांची पीठ के फैसले का उल्लेख कर रहे थे, जिसने 22 मार्च 1993 को दिये अपने फैसले में खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम की धारा 89 रद्द कर दी थी। खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम की धारा 89 तत्कालीन अविभाजित बिहार की राज्य सरकार को न केवल खनिज-युक्त भूमि पर, बल्कि वाणिज्यिक या औद्योगिक उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि पर भी कर लगाने का अधिकार देती थी। सीजेआइ चंद्रचूड़ ने द्विवेदी को आश्वासन दिया कि वह इस मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर निर्देश जारी करेंगे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने कहा: बड़ी जीत, सुप्रीम कोर्ट का आभार



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रॉयल्टी मामले पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर खुशी जतायी है। उन्होंने ट्वीट में लिखा, सुप्रीम कोर्ट के आज के ऐतिहासिक फैसले से हमारी लगातार मांग सफल हुई है। अब झारखंड को केंद्र से मिलेंगे अपने बकाये के एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये। हर झारखंडी के इस बकाये/अधिकार को लेकर आपकी अबुआ सरकार लगातार आवाज बुलंद कर रही थी। अब हमें 2005 से खनिज रॉयल्टी का बकाया मिलेगा। 12 साल में चरणबद्ध तरीके से यह भुगतान होगा। राज्यवासियों के हक सुरक्षित होने के साथ इन पैसों का उपयोग जन-कल्याण में होगा और हर झारखंडवासी को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

### राज्यों की मांग का कर रहे थे विरोध

केंद्र और खनन कंपनियों ने 31 जुलाई को सुनवाई के दौरान 1989 से एकत्रित की गयी रॉयल्टी वापस करने के लिए राज्यों की मांग का विरोध किया। 25 जुलाई के फैसले ने 1989 के उस निर्णय को पलट दिया था, जिसमें कहा गया था कि केवल केंद्र के पास खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर रॉयल्टी लगाने का अधिकार है। इसके बाद कुछ विपक्षी दल शासित खनिज संपन्न राज्यों ने 1989 के फैसले के बाद से केंद्र द्वारा लगायी गयी रॉयल्टी और खनन कंपनियों से लिये गये करों की वापसी की मांग की। रॉयल्टी वापस करने के मामले पर 31 जुलाई को सुनवाई हुई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।

## रांची का मोरहाबादी मैदान समारोह के लिए तैयार

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फहरायेंगे तिरंगा

- राज्य की 14 प्लाटून समारोह में लेंगी हिस्सा
- दुमका में राज्यपाल संतोष गंगवार झंडोत्तोलन करेंगे
- मुख्यमंत्री मंईयां योजना की होगी शुरुआत
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर सकते हैं कई घोषणाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस आज है। राज्य में मुख्य कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडा फहरायेंगे। राज्य के विभिन्न विंग की 14 प्लाटून उनको सलामी देंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री कई घोषणाएं कर सकते हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड का समादेशन कुमार शिवाशीष, भा.पु.से. सहायक पुलिस अधीक्षक (परिक्ष्यमान) करेंगे। अमित कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) लोहरदगा परेड का द्वितीय समादेशन करेंगे। मुख्यमंत्री मंईयां योजना की भी शुरुआत होगी। उधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दुमका में झंडा फरायेंगे।

गौरतलब है कि झंडोत्तोलन समारोह को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंजनी मिश्रा, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा की अगुवाई में फुल ड्रेस रिर्हसल किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस को होने वाली गतिविधियों को दुहराया गया था।

**एक-एक प्लाटून कार्यक्रम में होंगे शामिल :** सीआरपीएफ, आइटीबीपी, सीआइएसएफ, एसएसबी, बिहार पुलिस, झारखंड जगुआर, जैप-1, ( एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी), जैप-10 (एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी), जैप-2, रांची पुलिस (महिला), रांची पुलिस (पुरुष), होमगार्ड (एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी), एनसीसी एसआर (गर्ल्स) और एनसीसी (ब्वॉयज)।

**सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम, पार्किंग की विशेष व्यवस्था :** स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर मोरहाबादी मैदान के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। केवल पास लगे वाहनों को मैदान की तरफ जाने की अनुमति होगी। गाड़ियों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। वीआइपी पार्किंग सामन्य पार्किंग तक गाड़ी पहुंचने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। मोरहाबादी मैदान की 100 मीटर परिधि में निषेधाज्ञा जारी कर दी गयी है।

**राज्य के विभिन्न जिलों के कार्यक्रम में मंत्री होंगे शामिल :** हेमंत सरकार के मंत्री विभिन्न जिलों में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, भाजपा, कांग्रेस, झामुमो समेत विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी झंडा फहराया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### राज्यपाल पहुंचे दुमका, देवघर में निशिकांत ने किया स्वागत



दुमका। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को नयी दिल्ली से देवघर पहुंचे। यहां देवघर एयरपोर्ट पर सांसद निशिकांत दुबे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सशस्त्र सेना के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राज्यपाल दुमका के लिए रवाना हो गये। दुमका पहुंचने पर वहां के वरीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल गुरुवार को यहां स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे और झंडा फराहयेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का रांची को तोहफा

# खुलेगा सीबीएसइ का क्षेत्रीय कार्यालय, 43 कर्मी होंगे तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने रांची समेत देश के छह शहरों, अहमदाबाद, गुरुग्राम, कोलकाता, लखनऊ और रायपुर में अपना क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का फैसला किया है। रांची को यह तोहफा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के प्रयास से मिला है। वह पिछले दो साल से इस काम के लिए लगातार कोशिश कर रहे थे। सीबीएसइ का क्षेत्रीय कार्यालय खुलने से अब झारखंड के विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और स्कूल प्रबंधनों को बोर्ड से संबंधित काम के लिए पटना की दौड़ नहीं लगानी होगी। सीबीएसइ द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में अब केवल बिहार के स्कूलों से जुड़े काम होंगे।

अधिसूचना के अनुसार रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में 43 कर्मियों की तैनाती होगी। इनमें एक संयुक्त सचिव, एक उप सचिव, दो संयुक्त सचिव, तीन सहायक सचिव, तीन सह सचिव, एक लेखाधिकारी, एक निजी सहायक, चार सेक्शन ऑफिसर, एक कनीय लेखाधिकारी, एक कनीय अभियंता, आठ अधीक्षक और अन्य कनीय कर्मी शामिल हैं।

बता दें कि रांची समेत झारखंड में सीबीएसइ से संबद्ध स्कूलों की संख्या 658 है। इन स्कूलों को बोर्ड से संबंधित हर काम के लिए पटना जाना पड़ता था। परीक्षा परिणाम के समय में विद्यार्थियों को बहुत दिक्कत होती थी। इसे देखते हुए सांसद संजय सेठ ने 2022 में ही सीबीएसइ से रांची में क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का आग्रह किया था। उसके बाद से उन्होंने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक को झारखंड के लोगों की समस्याओं से अवगत कराया था। उनका यह प्रयास अब रंग लाया है।

### दो साल से इसके लिए प्रयासरत थे संजय सेठ






### शुभकामना

भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 15 अगस्त, 2024 को आजाद सिपाही के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 17 अगस्त 2024 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक




15
AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सबका साथ
सबका विकास....
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता
रांची, झारखंड



सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तान हमारा
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं।
तिरंगा ही आन है, तिरंगा ही शान है,
और तिरंगा ही हम हिंदुस्तानियों की पहचान है।
INDIA
जैलेन्द्र कुमार
जिला उपाध्यक्ष
बीस सूत्री का0 क्रि0 समिति
रांची, झारखंड
नेक इरादे हौसले बुलंद... संवर रहा है न्यू झारखंड

# सीएस ने कैबिनेट से छह माह पहले स्वीकृत योजनाओं पर मांगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने झारखंड मंत्रिपरिषद द्वारा विगत छह माह में स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। इन स्वीकृत योजनाओं की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति आदि तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से मुख्य सचिव कार्यालय को अवगत कराने को भी कहा है। सीएस ने इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही वैयक्तिक लाभ, जनोपयोगी एवं लोकहित से संबंधित योजनाओं की स्वीकृति



संबंधी सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने को कहा है, ताकि इसकी स्वीकृति जल्द दिलायी जा सके। सीएस लगभग सभी योजनाओं को छह माह के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य भी रखने का निर्देश सभी विभागों को दिया है।

## नीतियों की समीक्षा की जायेगी

मुख्य सचिव ने राज्य अंतर्गत गठित नीतियों का विभागीय स्तर पर समीक्षा करने का निर्देश सभी विभागों को दिया है। समीक्षा के क्रम में आने वाले त्रृटियों का निराकरण करने को कहा है। इन नीतियों की त्रुटियों का निराकरण करने को कहा है।

# भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता शंकर दुबे के द्वारा हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। 14 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ता शंकर दुबे के द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान बृजभूमि अपार्टमेंट कांके रोड में चलाया गया। जिसमे शंकर दुबे के द्वारा सभी को तिरंगा झंडा दिया गया और शंकर दुबे के साथ-साथ सभी ने अपने-अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाया।

# सरला बिरला विवि में नशामुक्त अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में नशामुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस वॉलंटियर के अलावा विवि के शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वयं एवं परिवार के सभी सदस्यों को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीन डॉ. नीलिमा पाठक, आइक्यूएसी निदेशक डॉ. संदीप कुमार, डॉ. गौतम तांती, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. रूपा, डॉ. राधा माधव झा, डॉ. रिया मुखर्जी, डॉ. विद्या झा, डॉ. पूजा मिश्रा, डीन डॉ. शुभ्रजीत मंत्री, डीन डॉ. आरके सिंह आदि उपस्थित हुए। एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलायी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विवि के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, डीजी प्रो. गोपाल पाठक, डॉ. प्रदीप वर्मा और प्रभारी कुलपति प्रो. एसबी डांडीन ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।




# ग्रामीण विकास मंत्री के ओएसडी बने मोहम्मद आबिद हुसैन

**संदीप कुमार को कार्यकारी निदेशक खेल प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। अपर सचिव श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के पद पर पदस्थापित मोहम्मद आबिद हुसैन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अवर सचिव ग्रामीण विकास विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। मोहम्मद हुसैन अपने कार्यों के साथ डॉक्टर इरफान अंसारी ग्रामीण विकास,पंचायती राज,ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण गुमला के पद पर पदस्थापित अमरेंद्र कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक संयुक्त सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। निदेशक खेलकूद पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग रांची के पद पर पदस्थापित संदीप कुमार को अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ कार्यकारी निदेशक झारखंड खेल प्राधिकरण रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in









# रिम्स के जूनियर डॉक्टर दूसरे दिन भी कलमबंद हड़ताल पर रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोलकाता के आरजीकेएमसीएच की जूनियर महिला डॉक्टर का रेप के बाद बेरहमी से हत्या के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टर का आज बुधवार को भी पेन डाउन स्ट्राइक जारी रहेगा। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआइएमए), रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के साथ रिम्स जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) ने मंगलवार को बैठक की, जिसमें दूसरे दिन भी पेन डाउन आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है। जूनियर डॉक्टर के स्ट्राइक से मंगलवार को ओपीडी और रूटीन सर्जरी की सेवाएं




प्रभावित रही। हालांकि, सभी प्रकार की इमरजेंसी सेवाएं बहाल रही। आम तोरे पर रिम्स में ओपीडी में प्रतिदिन 2000 से ज्यादा पर्चियां कटती है, लेकिन मंगलवार को सिर्फ. 270 पर्चियां कटी। ये भी इलाज के लिए भटकते रहे।

## बैठक में इन बिंदुओं पर चर्चा की गयी

उच्च न्यायालय के सीबीआइ जांच के फैसले का स्वागत करते हैं। साथ ही बिना देरी इस मामले को सीबीआइ को ट्रांसफर करने की मांग करते हैं। क्योंकि आरजीकेएमसीएच, कोलकाता के आसपास चल रही गतिविधियों से संदेह बढ़ रहा है।

डॉक्टरों के लिए केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम का आश्वासन देने वाला पत्र संभावित विवरण के साथ उपलब्ध कराने में स्वास्थ्य मंत्रालय की विफलता।

जांच में बाधा डालने के लिए अस्पताल प्राधिकरण और कोलकाता पुलिस विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई।

डब्ल्यूबी आरडीए के साथ कई राज्यों के आरडीए और अन्य चिकित्सा संगठन खड़े हैं।

# मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने राहुल गांधी से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विशेष आमंत्रण पर बुधवार को नयी दिल्ली में उनसे मुलाकात की।

शिल्पी ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी से बस एक ही बात कही कि कांग्रेस देश में लोगों के दिलों में है और जनमानस की भावनाओं को समझकर यदि रणनीति तैयार की जाये तो इसके अच्छे नतीजे आयेंगे। साथ ही अनेक वैसी जटिल समस्याओं के समाधान में सहायता मिलेगी जो पिछले 10 साल में पैदा हुई हैं।

गौरतलब है कि 13 अगस्त को फोन पर श्री गांधी के कार्यालय ने शिल्पी नेहा तिर्की को बुधवार को एक विशेष बैठक और मुलाकात के लिए आमंत्रित किया था। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने



शिल्पी नेहा तिर्की से झारखंड में कांग्रेस की संगठनात्मक स्थिति के साथ ही सरकार की गतिविधियों की भी जानकारी ली। राहुल ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में आनेवाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एकजुटता के साथ इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगा और लोगों को सच्चाई तथा जमीनी हकीकत बताने की जरूरत है।

## राची में सेक्स रैकेट का खुलासा, सात लोग गिरफ्तार

**रांची।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के होटल होटल मौर्या में पुलिस ने छापेमारी कर सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। रांची पुलिस ने पांच लड़कियों और दो युवकों सहित सात को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी की गयी है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बुधवार को बताया कि देह व्यापार की सूचना पर होटल मौर्या में छापेमारी की गयी, जिसमें आपत्तिजनक हालत में पांच लड़कियां और दो लड़के पकड़े गये हैं। सभी से पूछताछ की जा रही है। कुछ दिनों पहले भी इस होटल में छापेमारी की गयी थी उस दौरान भी दो लड़कियों को गिरफ्तार किया गया था।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


## अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति विभागों ने रोक रखी थी, अब किये गये स्वतः विरमित

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने झारखंड सचिवालय सेवा के 10 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों की सेवा झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग में योगदान के लिए स्वतः विरमित करने का आदेश दिया है। इन पदाधिकारियों की सेवा 27 जून 2024 के ही तिथि से कर्मचारी चयन आयोग को भेजी गयी थी, लेकिन इनमें से सिर्फ तीन पदाधिकारी जितेंद्र मुर्मू, मनीषकांत और स्नेहाशीष डे को ही संबंधित विभागों ने विरमित किया, शेष सात पदाधिकारी को विभागों ने विरमित नहीं किया। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया और निर्देशों का अनुपालन नहीं किये जाने के बाद इन पदाधिकारियों को स्वतः विरमित करने का आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है। ये हुए स्वतः विरमित : पुरूषोत्तम दास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, शशिकांत कुमार, श्रम विभाग अमृता किशोर, संजीव कुमार माथुर, वन विभाग, उमेश कुमार दास, वन विभाग व शशि भूषण, पीसीसीएफ कार्यालय रांची।









# डॉक्टरों की बुनियादी मांग

कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर पर स्वाभाविक ही देश भर में तीखी प्रतिक्रिया हो रही है। इस घटना के बाद गुस्साये और फिक्रमंद डॉक्टर बेमियादी हड़ताल पर चले गये हैं, जिससे अस्पतालों में सेवाएं प्रभावित हुई हैं। हालांकि डॉक्टरों का एक गुट हड़ताल से वापस आ गया है। कोलकाता की इस घटना ने एक बार फिर इस तथ्य की ओर ध्यान खींचा है कि अस्पतालों में डॉक्टरों को किस तरह के खतरों के बीच काम करना पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह कि घटना के बाद भी पुलिस संतोषनक कार्रवाई नहीं कर सकी। डॉक्टरों की बुनियादी मांग यह है कि इस घटना की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी कहा है कि अगर रविवार तक सभी संबंधित आरोपियों को पकड़ा नहीं गया, तो केस सीबीआइ को सौंप दिया जायेगा। हालांकि मंगलवार को कलकत्ता हाइकोर्ट ने स्वतः केस सीबीआइ को सौंप दिया। उधर देश भर के डॉक्टर न सिर्फ कोलकाता के अपने साथी डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखा रहे हैं, वे खुद अपनी सुरक्षा को लेकर भी डरे हुए हैं। लेडी डॉक्टर्स ही नहीं, पुरुष डॉक्टर भी हमलों की आशंकाओं के बीच जीते हैं। संभवतः इसीलिए हड़ताली डॉक्टरों की एक प्रमुख मांग यह है कि हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा के लिए देश में एक नया केंद्रीय कानून बनाया जाये। डॉक्टरों का डर और उनकी चिंता जायज है, लेकिन जहां तक केंद्रीय कानून की मांग है, तो सवाल यह है कि क्या कोलकाता में लेडी डॉक्टर पर हुआ हमला कड़े कानूनों की कमी का परिणाम माना जा सकता है? सच यह है कि ज्यादातर राज्यों में मेडिकेयर सर्विस पर्संस एंड मेडिकेयर सर्विस इंस्टिट्यूशंस (प्रिवेंशन ऑफ वॉयलेंस एंड डैमेज/लॉस टु प्रॉपर्टी) एक्ट पहले से ही लागू है। मगर इन राज्यों में भी इसके तहत दर्ज मामलों में दस फीसदी ही आरोप तय होने के बाद अदालत पहुंच सके। जाहिर है, मूल समस्या कानून में नहीं, उस पर अमल में है। एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अस्पतालों में सिर्फ डॉक्टर ही खतरे में होते हैं? हालांकि हड़ताली डॉक्टरों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को मुद्दा बनाया है, लेकिन नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले कभी इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनते। मसला मरीजों की सुरक्षा का भी है। 2024 में अस्पतालों में हुए यौन हमलों के हर पांच में से चार मामलों में विक्टिम महिला मरीज रही। सवाल यह भी है कि अस्पतालों में ओवरचार्ज के रूप में मरीजों पर होने वाले वित्तीय हमलों को क्यों चर्चा से बाहर रखना चाहिए? आखिर अस्पतालों में बनते असुरक्षा के माहौल का यह भी एक अहम पहलू है। हमारे अस्पताल हर तरह से सुरक्षित होने चाहिए और इसके लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए।

**डॉक्टरों का डर और उनकी चिंता जायज है, लेकिन जहां तक केंद्रीय कानून की मांग है, तो सवाल यह है कि क्या कोलकाता में लेडी डॉक्टर पर हुआ हमला कड़े कानूनों की कमी का परिणाम माना जा सकता है?**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री देश में आतंकवादी वारदातें कम करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने के संकल्पों के साथ आगे बढ़ते हुए गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च कर रहे हैं और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। यह मामूली उपलब्धि नहीं है। इस तरह की उपलब्धि दुनिया के इतिहास में कम ही देखने को मिलती है। वास्तव में विकसित भारत की परिकल्पना की दिशा में इसी तरह के कदम की जरूरत है।**

# आजादी के जश्न से विकसित भारत की शुरुआत

ललित सिंह



**भारत** का 78वां स्वतंत्रता दिवस आजादी अमृतकाल के कालखंड के संदर्भ में एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति देने एवं नये संकल्प बुनने का अवसर है। यह एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना का स्मरण करने से कहीं ज्यादा है। यह भारत की चिरस्थायी भावना, समृद्ध विरासत और इसकी विविध आबादी को जोड़ने वाली एकता का जश्न है। यह स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किये गये बलिदानों का सम्मान करने, पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गयी प्रगति का जश्न मनाने और निरंतर विकास और समृद्धि से भरे भविष्य की आशा करने का दिन है। 'विकसित भारत' की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान होगा। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। कोई भी विकसित होता हुआ देश किन्हीं समस्याओं पर थमता नहीं है। समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है।

स्वतंत्रता दिवस का एक दुर्लभ अवसर है, जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गये। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया, आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है। भारत ने जितनी प्रगति की है, उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है, तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है। इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। केवल अपना उपकार ही नहीं, परोपकार भी करना है। अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए भी जीना है। यह हमारा दायित्व भी है और ऋण भी, जो हमें अपने समाज और अपनी मातृभूमि को चुकाना है। भारत तो अतीत से विश्व को परिवार मानता रहा है, तभी उसने वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र उद्घोष किया। मोदी ने अतीत की उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विश्व को अपना परिवार मानने की भावना का परिचय बार-बार दिया है। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं, जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। इसके लिए जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी हैं, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा। पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर राष्ट्रीयता को जीना होगा। यही भावना सबल, सक्षम और समरस राष्ट्र बनायेगी और विश्व में भारत का मान बढ़ायेगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा।

**इस बार मोदी ने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया, जिसे लेकर विपक्ष की भृकुटि कुछ तन गयी है।**

अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणओं वाले प्रधानमंत्री ने जमीन से जुड़ी प्रतिभाओं को पद्म सम्मान देकर भी भारत के जन-जन को उचित सम्मान देने की परंपरा का सूत्रपात किया है। आज, जबकि भारत अपने पडोसी राष्ट्रों की अस्थिर, अराजक एवं हिंसक घटनाओं से घिरा है, प्रधानमंत्री ने यह भरोसा दिलाया कि अनेक चुनौतियों के बावजूद भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, सुरक्षित और विकसित राष्ट्र का सपना साकार करने को तत्पर है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को साकार करते हुए मोदी देश की तकदीर एवं तस्वीर बदलने में जुटे हैं। इससे यह तो साफ हो गया कि वे इन बुराइयों से निपटने और उनके खिलाफ जनमत का निर्माण करने के लिए अपने तीसरे कार्यकाल में संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने राजनीति ही नहीं, बल्कि जन-जन में व्याप्त होते भाई-भतीजावाद एवं परिवारवाद जैसी अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं को देश के लिए गंभीर खतरा बताया। इस बार मोदी ने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया, जिसे लेकर विपक्ष की भृकुटि कुछ तन गयी है। उनके राष्ट्र-संकल्पों में ऐसी किरणे हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चंद्रमा की ठंडक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।'

आधारभूत ढांचों का विकास किसी देश की क्षमता का स्पष्ट प्रमाण है। स्वतंत्रता के बाद से अब तक भारत ने आधारभूत ढांचों के विकास की कहानी भारत की कुशल नीतियों को बयां करती है। भारत बुनियादी ढांचों के विकास में अब वैश्विक स्तर छू रहा है। भारत दुनिया में बिजली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। बिजली की औसत उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में 20.5 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 23.5 घंटे तक पहुंच गयी है। ट्रांसयूनियन सीआइबीआइएल की एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 तक इंटरनेट के कुल नये यूजर में लगभग 56 फीसदी ग्रामीण भारत से होंगे। जनधन खाता सरकारी योजना के लाभार्थियों के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण का एक प्रमुख उपकरण बन गया है। आजादी के पहले पर्यटन जहां तीर्थाटन और देशाटन तक सीमित था, आजादी के बाद व्यवस्थित उद्योग के रूप में विकसित होना शुरू हुआ। आज स्थिति यह है कि पर्यटन के मानचित्र में भारत एक प्रमुख देश के तौर पर दर्ज है। लगातार हुए सरकारी प्रयासों के फलस्वरूप यह उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था का बड़ा संबल भी बना है। हालांकि अभी ऊंचाइयां छूना बाकी है, पर प्रगति की तेजी उल्लेखनीय है।

प्रधानमंत्री देश में आतंकवादी वारदातें कम करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने के संकल्पों के साथ आगे बढ़ते हुए गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च कर रहे हैं और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। देशवासियों को ?इस बात का अहसास होने लगा है कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है, तो तिजोरी ही नहीं भरती, बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है। ?मोदी देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान करते हुए राष्ट्र को सबल एवं सक्षम बना रहे हैं। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा। जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे-पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है। हमें जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। वाकई देश में सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा है कि यदि सरकार का कर्तव्य है- हर समय बिजली देना, तो नागरिक का कर्तव्य है- कम से कम बिजली खर्च करना। अगर हमने इन संकल्पों को गंभीरता से लिया, तो भारत को विश्वगुरु होने से कोई नहीं रोक सकेगा।

एक बार फिर प्रधानमंत्री ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का संदेश देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। यह थीम 2024 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के सरकार के दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह थीम बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती है। इसकी संपूर्ण झलक हमें कालजयी नेतृत्व मोदी की कार्य-योजना एवं नीतियों मिलती है, जो 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का रोडमैप है। जब मोदी का रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म अब देश की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बन गये हैं। इनके चलते नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और इज ऑफ डूइंग बिजनेस की स्थिति बनेगी। यह विषय आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करता है, जहां प्रत्येक नागरिक उन्नति कर सके। यह एक समृद्ध, समावेशी और लचीले भारत के निर्माण की सामूहिक आकांक्षा को दर्शाता है, जो आधुनिक प्रगति को अपनाते हुए अपनी समृद्ध विरासत का जश्न मनायेगा। इससे भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित होगा।

## झारखंड की खबरें

# भाजपा महिला मोर्चा ने बढ़ते अपराध और अत्याचार के खिलाफ किया प्रर्दशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा महिला मोर्चा ने बढ़ते महिला अपराध, वादाखिलाफी और अत्याचार के खिलाफ डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। बुधवार को महानगर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति अधिकारी व पुर्वी सिंहभूम मोर्चा अध्यक्ष माला डे के नेतृत्व में हजारों महिला कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने हाथों में पोस्टर लेकर साकची जिला भाजपा कार्यालय से पदयात्रा कर डीसी कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन किया। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो,पूर्व सांसद आभा महतो, कोल्हान सह प्रभारी गीता बालमुचू, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा,पुर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव व अन्य शामिल रहे। इस अवसर पर महिलाओं ने डीसी को मांग पत्र सौप कर बढ़ते महिला अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की।महिला कार्यकताओं ने कहा गठबंधन की सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। जमशेदपुर सहित पूरे प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रही हैं। सरकार महिलाओं को न्याय दिलाने में असमर्थ है।सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा झारखंड में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध चिंता की बात है। जमशेदपुर सहित संथाल और पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ वीभत्स घटनाएं हो रही है। राज्य में कोई भी सुरक्षित महसूस नही कर रहा है। अपराधियों को गिरफ्तार करने में प्रशासन विफल साबित हो रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने कहा महिलाओं से दर्जनों वादे कर सत्ता में आने वाली गठबंधन की सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखकर झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन किया। राज्य में निर्मम हत्या जघन्य अपराध से महिलाओं में डर और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। चुनाव से पूर्व हेमंत सरकार ने प्रति परिवार को 72 हजार रुपया, पेंशन को तीन हजार करने, 2 हजार प्रतिमाह चूल्हा खर्च देने समेत आवास योजना में तीन लाख रुपये देने का बड़ा वादा किया था। लेकिन चुनावी नैया को पार करने और जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए अब सिर्फ 2 महीने के लिए 1 हजार प्रतिमाह देने का ढोंग कर जनता को ठगने में लग गए। मौके पर जिला संयोजक नीलू मछुआ, जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, रितिका मुखी, राजपति देवी, प्रीति सिन्हा, काजल महाकुड़, कृष्णा पाल, मिली दास, रीना चौधरी, लीना चौधरी, मीरा सिंह, ममता सिंह, सुशीला शर्मा, लक्ष्मी मिर्धा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परेशान करने के लिए नोटिस की बजाय सीधे गिरफ्तार करे पुलिसः विकास सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते डेढ़ वर्ष पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में नोटिस मिलने के बाद बुधवार को भाजपा नेता साइबर थाना पहुंचे। मौके पर थाना प्रभारी श्रीनिवास प्रसाद ने भाजपा नेता से वीडियो वायरल करने के मामले में पुछतास की।विकास सिंह ने कहा हां वीडियो वायरल किया था कर रहा हूं और करता रहूंगा। वही थाना प्रभारी ने साक्ष्य मांग की। विकास सिंह ने कहा डेढ़ वर्ष पूरे हो गए लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई। जबकि वीडियो मोबाइल स्क्रीन में रिकॉर्डिंग है। इससे बड़ा और क्या साक्ष्य हो सकता। उन्होंने कहा मंत्री बन्ना गुप्ता के दबाव में जिला प्रशासन बार-बार नोटिस भेजकर मुझे और मेरे परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित की जारही है। मुझे जेल क्यों नहीं भेज रहे। विकास सिंह ने कहा मंत्री बन्ना गुप्ता के दर्जनों शर्मसार करने वाली ऑडियो रिकॉर्डिंग भी है जो समय-समय में सुनाया और दिखलाया जाएगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य मंत्री पावर का दुरुपयोग कर चोरी और सीना जोरी कर रहे हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद से लगातार हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार व हिंसा के खिलाफ हिंदू धर्मवलाम्बियों ने बुधवार को बांग्लादेशी कट्टरपंथियों का मऊभंडार मुख्य चौक पर पुतला दहन किया। पूर्वी मऊभंडार ग्राम पंचायत के उपमुखिया सह रामनवमी केंद्रीय अखाड़ा समिति के अध्यक्ष रुपेश दूबे की अगुवाई में सैकड़ों हिन्दुओं ने बांग्लादेशी कट्टरपंथियों का पुतला फूंका। हाथों में तख्ती लिए हिंदू धर्मवलाम्बियों ने प्रदर्शन भी किया और बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को अविलम्ब रोकने की मांग किया। वक्ताओं ने कहा की बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भारत विभाजन विभीषिका के दिन भारत से अलग पाकिस्तान नया देश बना था। इसी के अधीन वर्तमान बांग्लादेश भी शामिल था। पाकिस्तानी कट्टरपंथियों से बचाने के लिए ही भारत की मदद से बांग्लादेश को अस्तित्व में लाया गया था। बांग्लादेश के गठन के समय हिंदुओं की आबादी 31फीसदी थी जो आज घटकर मात्र 7.58 फीसदी ही रह गई है। यह इस बात का प्रमाण है कि बांग्लादेश में किस तरह हिंदुओं पर अत्याचार पहले से ही किया जाता रहा है। बांग्लादेश में जिस तरह हिंदुओं के खिलाफ नंगा नाच कट्टरपंथियों द्वारा नाचा जा रहा है उसका हम सभी मिलकर विरोध करते हैं तथा भारत सरकार से मांग करते हैं कि बांग्लादेश समेत पूरी दुनिया में जहां भी हिंदू है उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएं। वक्ताओं ने कहा की बंगलादेश में हिंदू मां-बहनों की अस्मत लूटी जा रही हैं। बच्चे अनाथ हो रहे है। घरों और मंदिरों को जलाया जा रहा है। कविगुरु रविन्द्रनाथ टैगोर की भी मूर्ति तोड़ी गई है। हालांकि उन्हें खुशी है की बंगलादेश के हिंदू भाइयों ने भी एकजुटता के साथ कट्टरपंथियों का विरोध शुरू कर दिया है। वक्ताओं ने कहा की भारत के सभी हिंदू भाई अपने बंग्लादेशी हिंदू भाइयों के साथ खड़े है और उनके जज्बे को सलाम करते हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हाथों में तख्तीयां ले रखा था जिसमें कई तरह के स्लोगन लिखें थे। प्रदर्शन करने वालों में पूर्वी मऊभंडार के पंसस विजय पांडेय, प्रदीप सिंह तोमर, प्रमोद सिंह, मंतोष मंडल, सिद्धार्थ प्रसाद, जयंत उपाध्याय, मुनीब शर्मा, चेतन सिन्हा, प्रकाश क्षेत्री, दिल बहादुर सोनार, नवल सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में हिंदू धर्मवलंबी उपस्थित थे।

# डॉ अंबेडकर विद्याज्योति छात्रवृत्ति योजना में पांच छात्राएं सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कैनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मानगो में डॉक्टर अंबेडकर विद्याज्योति छात्रवृति योजना के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को सम्मान समारोह में मुख्य अथिति जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मु,विशिष्ट अतिथि कैनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मानगो जमशेदपुर के सहायक महाप्रांधक मागेश रामनाथन सहित अन्य बैंक के पदाधिकारी शामिल है। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू के द्वारा एससीएसटी कक्षा 5 से 7 तक की छात्राओं को 3000 रुपए और कक्षा 8 से 10 तक की छात्राओं को 5000 रुपए सीधा उनके कैनरा बैंक के खाते में हस्तांतरित कर व केनरा बैंक का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्रीमती बारी मुर्मू ने कहा शहर व ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं का बेहतर शिक्षा के लिए केनरा बैंक के द्वारा प्रोत्साहित करना सरानिया पहल है। इस तरह के आयोजन से झारखण्ड में एससीएसटी छात्राओं की शिक्षा के प्रति मनोबल बढ़ेगी। उन्होंने कैनरा बैंक से प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले छात्राओं से बेहतर शिक्षा के लिए अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा समाज में बच्चियों को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। ताकि शिक्षित होकर छात्राएं अपने माता-पिता का नाम रोशन करे और शादी के बाद अपने परिवार को भी शिक्षित कर सके।

## 'अंबेडकर : एक जीवन' का लोकार्पण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद एवं लेखक डॉ.शशि थरूर (साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित) की पुस्तक 'अंबेडकरः एक जीवन' के लोकार्पण एवं परिचर्चा कार्यक्रम में वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद एवं हिंदी की वरिष्ठ लेखिका डॉ.महुआ माजी शामिल हुईं। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नयी दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक डॉ. शशि थरूर, अनुवादक अमरेश द्विवेदी, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर श्यौराज सिंह बेचैन, दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर अदिति पासवान और जामिया

**वक्ता के रूप में महुआ माजी हुईं शामिल**

मिलिया इस्लामिया से प्रोफेसर अरविंद कुमार मौजूद रहे। वाणी प्रकाशन ग्रुप द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकाशक अरुण माहेश्वरी अदिति महेश्वरी, प्रख्यात लेखिका मृदुला गर्ग सहित हिंदी के महत्वपूर्ण लेखक, प्रोफेसर, विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवी, साहित्य प्रेमी एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे। मंच पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने इस पुस्तक पर विस्तृत चर्चा की और आज के समय के लिए गहन शोध और अध्ययन के उपरांत अंबेडकर पर लिखी गयी शशि थरूर की इस पुस्तक को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# बांग्लास्तान बनाने की हो रही साजिश : बाबूलाल

**झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को मिला कर दूसरा बांग्लास्तान बनाना चाहते हैं घुसपैठिये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने नया देश बांग्लास्तान बनाये जाने की आशंका जाहिर की है। सोशल मीडिया (फेसबुक) पर इसे साझा करते कुछ अखबारी खबरों को भी लगाया है। कहा है कि खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, झारखंड के बड़े हिस्से (संथाल बहुल इलाके), बिहार का किशनगंज जिला, पश्चिम बंगाल को मिला कर एक नया देश बांग्लास्तान के गठन की तैयारी है। उत्तर पूर्व के अधिकांश राज्य, नेपाल और म्यांमार के कुछ हिस्सों



को भी इसमें शामिल करने की साजिश है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद कट्टरपंथी गजवातुल-हिंद ( गैर मुसलमानों के खिलाफ युद्ध) और इस्लामिक बांग्लादेश के मकसद को पूरा करने की जुगत में लगे हैं। बांग्लादेश में उत्पन्न हालात और कट्टरपंथियों के खतरनाक मंसूबे पूरे देश के साथ-साथ झारखंड के लिए भी अत्यंत संवेदनशील हैं। झारखंड में जिस प्रकार अचानक से बांग्लादेशी मुसलमानों की आबादी बढ़ी है, उससे ऐसा लगता है कि कांग्रेस और झामुमो भी कट्टरपंथियों के मकसद को पूरा करने में लगे हुए हैं। राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश और समाज का विभाजन करनेवाली कांग्रेस-झामुमो जैसी पार्टियां सत्ता के लिए हमेशा विदेशी ताकतों के साथ ही खड़ी नजर आयी हैं। इसलिए इस कठिन घड़ी में आदिवासी समाज के साथ-साथ साढ़े तीन करोड़ झारखंडवासियों को भी चौकन्ना रहने की आवश्यकता है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आगामी 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा, झारखंड के जेनरल सेक्रेटरी डॉ प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। इस यात्रा में राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, महिलौंग और राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, आरा के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में पूरे सप्ताह देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही एक विशेष एसेंबली आयोजित कर एकता और गौरव की भावना को बढ़ाने से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने भारत की स्वतंत्रता में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का अभिनय किया। विद्यार्थियों ने शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। पूरा सप्ताह भारतीय स्वतंत्रता के जश्न को समर्पित था, जिसमें देशभक्ति विषय पर पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद, क्विज और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिता एवं गतिविधियां शामिल थीं। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने स्वतंत्र होने के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को देश के लिए स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किये गये बलिदान का सम्मान करने की याद दिलायी।

## आजसू पार्टी ने जितेंद्र सिंह को लोहरदगा विधानसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी ने जितेंद्र सिंह को लोहरदगा विधानसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने बुधवार को पत्र जारी किया है। इसमें कहा है कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार मनोनीत किया गया है। आशा है कि पार्टी को एक नयी दिशा मिलेगी।

## केवल 1 रुपये में होगा 5 एकड़ तक की फसल का बीमा



**आजाद सिपाही संवाददाता**


**रांची।** झारखंड के किसानों के लिए एक गुड न्यूज है। अब फसल बीमा कराना उनके लिए महंगा सौदा नहीं होगा। पहले किसानों को 1 एकड़ के लिए 1200 रुपये तक प्रीमियम देना पड़ता था। लेकिन अब 5 एकड़ तक के फसल बीमा के लिए किसानों को सिर्फ 1 रुपये देना होगा। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को फायदा होगा। इस योजना कि घोषणा मंगलवार को खरीफ फसल वर्कशॉप में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने की।

**ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन**

उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों का इसका लाभ मिल सके, इसलिए इस योजना को शुरू किया गया है। इस योजना के लिए किसान प्रज्ञा केंद्र या खुद भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त से शुरू होगा, जो 15 सितंबर तक चलने की उम्मीद है। प्रीमियम की बाकी की राशि का भुगतान सरकार करेगी।

**राज्य में 62 फीसदी तक हो चुकी है धनरोपनी**

दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि बीते दिनों हुई अच्छी बारिश के कारण 62 फीसदी तक धान की रोपनी हो चुकी है। कुछ जिलों के लिए चिंता है पर इस बार सुखाड़ का प्रभाव कम होने की संभावना है। इस मौके पर कृषि मंत्री ने झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना पोर्टल और एफपीओ पोर्टल भी लॉन्च किया। साथ ही एफपीओ के लिए सांकेतिक रूप से अनुदान भी शुरू किया।












# विनय उरांव बने झारखंड एनएसयूआइ के अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे नौ राज्य के एनएसयूआइ अध्यक्षों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। इस आशय का पत्र राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जारी कर दिया है। पत्र के अनुसार, विनय उरांव को झारखंड एनएसयूआइ का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, बिहार में जयशंकर प्रसाद, चंडीगढ़ में सिकंदर बोरा, दिल्ली में आशीष लांबा, हिमाचल प्रदेश में अभिनंदन ठाकुर, मणिपुर में जॉयसन केएच, ओडिशा में उदित नारायण प्रधान, तेलंगाना में यादवल्ली वेंकटा स्वामी और पश्चिम बंगाल में प्रियंका चौधरी को एनएसयूआइ प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# सत्ता के लिए भत्ता की घोषणा कर सकती है सरकार : सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुधवार को कहा कि अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में राज्य सरकार सत्ता के लिए युवाओं को भत्ता देने की घोषणा कर सकती है। पांच साल से युवाओं की आवश्कताओं और मुद्दों से दूर रही यह सरकार अपने वोट की राजनीति के लिए जाते-जाते युवाओं को भत्ते का एक किस्त देकर अपने जाल में फंसाने का प्रयास कर सकती है। सुदेश ने कहा कि चुनाव नजदीक आता देख सरकार लोकलुभावन वादें कर रही है। सरकार ने पांच साल पहले युवाओं को हर साल पांच लाख नौकरी और बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। इन्होंने अपने कार्यकाल में युवाओं की सुध नहीं ली। जिस सरकार को युवाओं के भविष्य की चिंता होनी चाहिए थी उस सरकार ने अपने हक अधिकार के लिए सड़कों पर उतरे युवाओं पर लाठियां बरसाई है। सत्ता पाने के लिए सरकार फिर से जनता को छलने का प्रयास कर रही है। बेरोजगारी भत्ता की घोषणा कर युवाओं को राज्य के युवा अपने साथ हुई वादा खिलाफियों को नहीं भूले हैं। युवा जाग चुके हैं और अब इस सरकार के किसी भी छलावे में आने वाले नहीं है।




























# भाजपा नेता ने केंद्रीय कोयला मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विस्थापन, स्थानीय युवाओं को रोजगार, प्रदूषण और कोयला चोरी के मुद्दे पर केंद्रीय कोयला मंत्री से मुलाकात कर भाजपा नेता अभिषेक सिंह ने ज्ञापन सौंपा। नयी दिल्ली आवास पर केंद्रीय कोयला मंत्री गंगापुरम किशन रेड्डी से की मुलाकात कर उनका ध्यान कोलियरी क्षेत्रों से हो रहे विस्थापित लोगों की समस्याओं से अवगत करवाया। दुनिया की सबसे बड़ी विस्थापित कॉलोनी बेलगाड़िया में लोगों को हो रहे कठिनाइयों के बारे में बताया कि कैसे वहां के लोग मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी-बिजली एवं चिकित्सा से भी वंचित हैं।

# विभाजन की विभीषिका को याद कर दिल दहल जाता है : इंदर सिंह नामधारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर बुधवार को स्थानीय योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड के पहले विधानसभा अध्यक्ष रहे एवं विभाजन को आंखो देखी महसूस करने वाले इंदर सिंह नामधारी, सीआरपीएफ, पलामू के डीआईजी पंकज कुमार, एनसीसी 44 बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर एससी मिश्रा, प्राचार्या मोहिनी गुप्ता एवं क्षेत्रीय पचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन समारोह की शुरूआत के उपरांत सभी अतिथियों का शॉल, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया एवं तिरंगा बैज लगाया गया। इसके उपरांत विभाजन की पीड़ा झेल चुके लोगों या उनके परिवार के सदस्यों में बलबीर कौर, प्रेम भसीन, भूपेंद्र सिंह, मेहर सिंह, गुरबीर सिंह एवं प्रियंकर बागची को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्वतंत्रता दिवस-2024 की पूर्व संध्या पर बुधवार को नगर भवन, लोहरदगा में जिला प्रशासन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ रामेश्वर उरांव, माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग, झारखंड सरकार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीप प्रज्ज्वलन में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गयी।



















झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, रांची की ओर से स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ! झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के इच्छुक प्रत्येक छात्र को बदलाव का उत्प्रेरक बनने के लिए सशक्त बना रहा है! आपको स्वतंत्रता दिवस 2024 की हार्दिक शुभकामनाएँ! तिरंगा हमेशा ऊँचा रहे और हमारा देश समृद्ध होता रहे। आइए उन वीर नायकों का सम्मान करें जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता को संभव बनाया।

प्रोफेसर (डॉ.) टी.एन. साहू
कुलपति
झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय








# राज सिन्हा ने शहीदों और महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



साफ सफाई और माल्यार्पण में भाजयुमो के अध्यक्ष नित्यानंद मंडल रहे मौजूद।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधायक राज सिंहा ने हीरापुर पार्क मार्केट चौक स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति स्थल, अशोक चक्र से सम्मानित शाहिद रणधीर प्रसाद वर्मा के मूर्ति स्थल, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति स्थल, महान राष्ट्रभक्त और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाये रखने के लिए अपना बलिदान देने वाले जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष देश के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा स्थल, बिल्डिंग चौक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा स्थल, कंबाइंड बिल्डिंग चौक पर स्वामी विवेकानंद की मूर्ति स्थल, बेकर बांध, पॉलिटेक्निक मोड़ स्थित चंद्रशेखर आजाद के मूर्ति स्थल, नया बाजार स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस के मूर्ति स्थल, बैंक मोड़ में भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति स्थल, बैंक बोर्ड में जेपी चौक पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण के मूर्ति स्थल को साफ कर माल्यार्पण किया।

उनके साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, अशोक पाल रूपेश सिंहा, किशोर मंडल, अमित विशाल सिंहा, राणा सिंह, रवि मिश्रा, पिंटू कुमार, मंजीत सिंह सहित कई भाजपाई उपस्थित रहें।

# दिव्यांग बच्चों ने शान से निकाली तिरंगा यात्रा

## भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा वतावरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम स्कूल में दिव्यांग बच्चों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की भावना को जीवित रखते हुए, स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए एक शानदार तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा के दौरान बच्चों ने तिरंगे के साथ मार्च करते हुए देशभक्ति के रंग भर दिए। वे पूरे उत्साह के साथ भारत माता की जय के नारों का उद्घोष करते रहे, जिससे आस-पास का वातावरण देशभक्ति और गर्व से गूंज उठा। इस आयोजन ने दिव्यांग बच्चों की अदम्य आत्म-समर्पण और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके सम्मान को प्रदर्शित किया। उनके इस प्रयास ने यह भी दशार्या कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और योगदान को कितनी गंभीरता से लेते हैं। यात्रा के अंत में, बच्चों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रेरित किया और एकता, साहस, और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा दी।

# शिवम के 24 रनों की बदौलत आठ विकेट से जीता पत्रकार एकादश



आजाद सिपाही सवांददाता

**तेनुघाट।** बुधवार को खेले गए 15 अगस्त को लेकर प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के मैच में लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रदर्शन किया। जिसे देखकर दर्शक काफी आनंद अनुभव किए उक्त बातें पुरस्कार वितरण के समय अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा। वही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि आज का मैच काफी रोमांचक रहा। जिसमें प्रशासन एकादश को पत्रकार एकादश ने हराकर कप पर कब्जा जमाया। आज के मैच में हर क्षेत्र में पत्रकार एकादश प्रशासन एकादश पर हावी रहा। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार ने कहा कि विद्यालय में प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच मैच खेला जाता है जिसे देखकर हमारे विद्यालयके बच्चे काफी ही आनंद महसूस करते हैं। जिसमे ओएनजीसी का भी बहुत बड़ा योगदान रहता है। ओएनजीसी के अनूप मिंज ने कहा कि मैच में दोनों टीम के खलाड़ियों ने काफी दमदार प्रदर्शन किया। मैच में हार जीत तो होती ही है। तेनुघाट जेल अधीक्षक अरुणाभ ने बताया कि दोस्ताना मैच को देखकर यह लगा की सही में लोग एक दूसरे के साथ दोस्ताना तरीके से पेश आते नजर आए। मालूम हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट में मंगलवार को खेले गए पत्रकार एकादश और प्रशासन एकादश के बीच 15 अगस्त को लेकर खेले गए दोस्ताना क्रिकेट मैच में पत्रकार एकादश ने प्रशासन एकादश को तीन विकेट से हराया। टॉस जीतकर पत्रकार एकादश के कप्तान सुभाष कटरियार ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रशासन एकादश की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में प्रशांत हेंब्रम के 37 रन, विजय कुमार के 20 रन, सूरज कुमार के 14 रन के बदौलत तीन विकेट खोकर 69 रन बनाये। पत्रकार एकादश की ओर से मुकेश कुमार, शिवम कटरियार और संजय कुमार ने एक एक विकेट प्राप्त किया। पत्रकार एकादश की ओर से पप्पू चौहान के नाबाद 31 रन और शिवम कटरियार के 24 रनों के बदौलत आठ विकेट से मैच जीता। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पप्पू चौहान, मैच में ऑल राउंडर खिलाड़ी शिवम कटरियार, सर्वश्रेष्ठ बलबाज प्रशांत हेंब्रम, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मुकेश कुमार और सर्वश्रेष्ठ फील्डर मनोज कुमार को घोषित किया गया । मैच में कार्यपालक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, शैलेश चंद्र, मिथलेश कुमार, जीवन सागर, बॉबी राज, समीरुद्दीन, प्यारेलाल, कोस्तुभ कृष, छोटू कुमार आदि ने खेल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।


हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड
इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स मऊभंडार

78 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड/ इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स प्रबंधन की ओर से घाटशिला अनुमण्डल के समस्त निवासियों एवं ताम्र परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं ।

श्याम सुंदर सेठी
कार्यकारी निदेशक सह इकाई प्रमुख
इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स




78वां स्वतंत्रता दिवसः 15 अगस्त, 2024

भारत सरकार
केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाषः 0651–2450822, 2451115, 2450448

सत्यमेव जयते

24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध

CIP RANCHI

सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण
निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/ऑकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- **टेली परामर्श व्हाट्सअप संख्या** : 9334915057 कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
- **टेली–मनोचिकित्सा संख्या** : 9334915052
- **दूरभाष संख्या** (सामान्य सूचना): 0651–2451115, 0651–2451116, 0651–2451119
- विडियो परामर्शः अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- **टेली–मानस सेवाः** निःशुल्क 24X7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/काउंसलिंग। टोल फ्री नंबर : 14416 या 1800–89–14416

**टेली मानस को कॉल करें :**
- उदासी, चिड़चिड़ापन या निराशा।
- परीक्षा के तनाव से गुजर रहे हैं।
- आम नींद की समस्या से परेशान हैं।

जब आपको जीवन से हार मानने का मन हो, तो याद रखें सहायता केवल एक कॉल की दूरी पर है–14416

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवारः मूड एवं न्यूरोलॉजी
- मंगलवारः निद्रा रोग
- बुधवारः क्रॉनिक सिजोफ्रीनिया, सेक्स, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मैटाबॉलिक रोग
- गुरूवारः मिरगी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- शुक्रवारः वृद्धावस्था संबंधित रोग
- शनिवारः सिरदर्द रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबॉलिक रोग
- प्रतिदिनः बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकास

**अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुनर्वास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकॉनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- वेस्ट बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम.
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रीक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रीक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256–चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128–चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाइरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी एफ.एम.आर.आई.
- एम.आर.आई. ब्रेन (रु. 2000/– लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रु. 3000/– लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय (हमारे यहाँ 80,000 से अधिक पुस्तकें एवं जर्नल का संग्रह है)
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च / RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम

बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

12x25 Sq.cm

# राज्य के न्यायिक अधिकारियों का तबादला

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया गया है। झारखंड हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मो शकीर को चाईबासा का प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार (प्रशासन) निकेश कुमार सिन्हा हाइकोर्ट के नये रजिस्ट्रार जनरल बनाये गये हैं। असिस्टेंट रजिस्ट्रार प्रशंसा कुमार गुप्ता को एडिशनल सिविल जज रांची, ज्वाइंट रजिस्ट्रार न्यायिक संजय सिंह नंबर 2 को जिला और अपर सत्र न्यायाधीश नगरउंटारी, फहीम किरमानी को जिला और सत्र न्यायाधीश बेरमो तबादला किया गया है। चाइबासा के प्रधान जिला जज को एक्टिंग चीफ जस्टिस का ओएसडी, जमशेदपुर पोक्सो कोर्ट के विशेष जज कंवलजीत चोपड़ा को हाइकोर्ट में ज्वाइंट रजिस्ट्रार बनाया गया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़
सूचना।

रामगढ़ जिला के मत्स्य पालकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य) झारखण्ड के विभागीय राज्यादेश सं0 – 04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा निजी क्षेत्र के तालाबों के मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय में 50 प्रतिशत् सहायता अर्थात् अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) हेतु अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला मत्स्य कार्यालय से संबद्ध मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिका क्रय किया जाएगा। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा। योजना के लाभ हेतु इच्छुक मत्स्य पालक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ से आवेदन प्राप्त कर दिनांक 23.08.2024 तक कार्यालय अवधि में पूर्ण रूपेण आवेदन भर कर जमा कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 332736 Fish(24-25)D

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN : U40108JH2013SGC001702) Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi – 834004, Email:- gmrevenue2022@gmail.com,

1ST TIME EXTENSION NOTICE NIT No. 54/PR/JBVNL/2024-25

Bid Submission Timeline against above mentioned NITs floated for appointment of consultancy firm for "Supporting JBVNL in Monitoring and Implementation Support at HQ Level for Metering, Billing and Collection (MBC) Related Systems & Processes, Continuous assistance in Commercial related system Improvement & Continuous Regulatory Assistance in all Regulatory Matters" is hereby extended as per following schedule:

| Sl. No. | Event | Existing Timelines | Proposed Timelines |
|---|---|---|---|
| i | Last date & time of receipt of bid documents (Online) | Upto 14/08/2024 at 14:30 Hrs. | Upto 21/08/2024 at 14:30 Hrs. |
| ii | Due date for opening of Technical Bid (Part -I) | 14/08/2024 at 16:00 Hrs. | 21/08/2024 at 16:00 Hrs. |

Bid uploading / opening will be through e-tendering norms only. The complete Tender documents along with corrigendum documents can be downloaded through website www.jharkhandtenders.gov.in Bidder may contact help desk of e-Procurement system at the following web address: www.jharkhandtenders.gov.in.

**Tendering Authority:** General Manager (Revenue) 9431708980

PR No. 330552

Call Center 24 x 7
18003456570 / 18001238745
Centralised Complain NO. 1912

Sd/-
General Manager (Revenue)

PR 332789 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)24-25*D

जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा
द्वितीय तल्ला,लेफ्ट विंग,कोडरमा समाहरणालय भवन,कोडरमा-825410
Email - ahdkoderma@gmail.com

–: आम सूचना :–
(निःशुल्क टीकाकरण)

केन्द्रीय योजना पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) अन्तर्गत गौवंशीय पशुओं एवं भैंस में होने वाले FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग) बीमारी के रोक – थाम हेतु दिनांक 16 अगस्त 2024 से 15 अक्टूबर 2024 तक निःशूल्क FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग) टीकाकरण कार्यक्रम 2024–25 Round 4 चलाया जाएगा। जिसमें कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी गाय एवं भैंस में उक्त टीकाकरण करना आवश्यक है।

आप सभी पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि अपने आधार एवं मोबाईल नंबर से अपने पशुओं को पंजीकरण कराते हुए टैगिंग एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रत्येक गाँव/पंचायत के लिए टीकाकर्मी घर – घर जाकर पशुपालकों से संपर्क कर निःशूल्क टीकाकरण करेंगें। उक्त टीकाकरण का ऑनलाईन एंट्री "Bharat Pashudhan app" में टीकाकर्मी द्वारा किया जाना है। तथा आपके मोबाईल नंबर पर गये OTP को टीकाकर्मीयों को देना अति आवश्यक है। जिसके बाद टीकाकर्मीयों के द्वारा आपके पशुओं का ऑनलाईन एंट्री "Bharat Pashudhan app" में किया जा सकेगा।

अतः सभी पशुपालक भाई – बहनों एवं जनप्रतिनिधियों (प्रमुख, मुखिया वार्ड सदस्य) का सहयोग आपेक्षित है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,कोडरमा

PR 332829 Animal Husbandry(24-25).D

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 16 वर्ष 2024–25, D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 23.08.2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 24.08.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 24.08.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु ग्राम सरधावार में प्रकाश राम के घर होते हुए सिमोन तिग्गा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2489000 | 50000 | 5000 | 02 माह |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत नेवाडी ग्राम तुबेद में परसही नाला में पुलिया निर्माण। | 4246400 | 85000 | 5000 | 06 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिझिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. ग्रुप संख्या 01 के निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो प्रखण्ड हेरहंज के संवेदक भाग लेंगे। संवेदक के अन उपलब्धता या कार्य की अधिकता होने की स्थिति में प्रखण्ड हेरहंज के निकटतम प्रखण्ड बारियातु एवं बालूमाथ के संवेदक को कार्य आवंटन पर विचार किया जाएगा।
11. ग्रुप संख्या 02 पर अंकित योजना में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक भाग लेंगे।
12. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13-वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 332816 Rural Development(24-25)#D

पुलिस अधीक्षक - कार्यालय
पाकुड़

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पाकुड़ जिला के समस्त नागरिकों को पाकुड़ पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

निवदेक
पुलिस अधीक्षक
पाकुड़


# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की पहल पर एक और नयी ट्रेन की सौगात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर एक और नयी ट्रेन की सौगात रांची लोकसभा को मिली है। टाटा से जयनगर तक चलने वाली सप्ताहिक ट्रेन ट्रेन नंबर 18119 जो टाटानगर से शुक्रवार को संध्या 6:50 पर शाम को चलेगी जो दूसरे दिन 11:30 बजे जयनगर पहुंचेगी। टाटा से यह चलने वाली ट्रेन चांडिल, मुरी, कोटसिला, राजाबेरा, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, होते हुए जयनगर पहुंचेगी। वहीं जयनगर से टाटा ट्रेन नंबर 18120 दिन शनिवार को चलेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस नयी ट्रेन की सौगात के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। इस ट्रेन के चलने से चांडिल मुरी के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर एक और तोहफा मिला रांची को केंद्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ का प्रयास आज देखने को मिल रहा है केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विगत कई वर्षों से इस प्रयास में लगे हुए थे जिसका परिणाम है आज सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय रांची में खुलने की अधिसूचना जारी हो गई है केंद्रीय रक्षा मार्ग राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी के प्रति आभार जाते हैं श्री सेठ ने कहा विगत कई वर्षों से यहां के विद्यार्थियों की मांग थी और सीबीएसई स्कूल की भी यही मांग थी कि किसी भी काम के लिए पटना जाना पड़ता था परंतु अब रांची में क्षेत्रीय कार्यालय खुल जाने से यहां के विद्यार्थियों को सुविधा प्राप्त होगी।



राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात करतीं गजल गायिका मृणालिनी अखौरी

# चुनाव आयोग के नोटिस से भाजपा का झामुमो पर पिछले लोस चुनाव में भ्रष्टाचार का आरोप मजबूत हुआ : प्रतुल शाहदेव

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को चुनाव आयोग के द्वारा बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती पर चुनावी खर्च में सीमा से ज्यादा खर्च करने पर नोटिस किये जाने का स्वागत किया। प्रतुल ने कहा कि भाजपा ने उस समय भी कहा था कि पिछले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों ने जमकर पैसे बहाए और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की। इस बात का पुख्ता सबूत इसी बात से हो गया कि समीर मोहंती ने खुद पत्र लिखकर पूर्वी सिंहभूम के कांग्रेस जिला अध्यक्ष पर उनके द्वारा दिए गए 6000 रुपये प्रति बूथ खर्च में से 2000 रुपये निकालने का आरोप लगाया था। प्रतुल ने कहा कि पूरे जमशेदपुर लोकसभा के 1887 बूथ पर 6000 प्रति बूथ खर्च के हिसाब से कुल 1.13 करोड़ से ज्यादा रुपये का खर्च आता है। ये सिर्फ अंतिम दिन का खर्च है। चुनाव प्रचार का खर्च इसमें जुड़ा हुआ नहीं है। ये राशि चुनाव आयोग के तय किये गए सीमा से बहुत ज्यादा था। प्रतुल ने कहा जब समीर मोहंती इस पत्र को लिखने के बाद घिरे तो उन्होंने पाला झाड़ने के लिए इस पत्र को फर्जी बताया लेकिन आश्चर्जनक रूप से उन्होंने आज तक इस मुद्दे पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना

ई – निविदा संख्या संख्या: एस एण्ड टी–सी–22

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रुघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं:

**1. कार्य का नाम:** एस एंड टी यूटिलिटी गोमो–पीकेए, जीएमओ–सीआरपी–जेएनएन, पीटीआरयू–टीकेएस, कुजू–आरआरएमई, पीकेए– पीईएच या डीवाई के तहत किसी भी अन्य स्थानों के बीच सिग्नलिंग केबल, लोकेशन बॉक्स, क्वाड, ओएफसी आदि की शिफ्टिंग। पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में इंजीनियरिंग निर्माण कार्य के संबंध में सीएसटीई/सीओएन/डीएचएन। **2. अनुमानित लागत:** रू. 1,12,28,81.19 3. अमानत राशि: रू. 2,06,400.00 **3. निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य **4. कार्य निस्पादित करने का समय:** 6 महिना **5. ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय:** 03.09.2024 को 3.00 PM तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/धनबाद
पीआर/00894/सीडीएचएन/एसएण्डटी/टी/24–25/32

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



तजेंद्र सिंह सन्नी
अध्यक्ष
अखिल भारतीय सिख विद्यार्थी परिषद
कार्यकारी अध्यक्ष - राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन

# महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, गरीबी, किसानों की उपेक्षा, वादाखिलाफी, हत्या और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के विरोध में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने समाहरणालय का घेराव और आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। इसमें जिले भर की मोर्चा की महिलाएं शामिल थीं। इसके पूर्व मोर्चा की कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से यह आक्रोश प्रदर्शन शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश की उपाध्यक्ष आरती कुजूर, महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह, रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, रांची ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य मौजूद थी।

पुलिस अधीक्षक - कार्यालय
साहिबगंज

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर साहिबगंज जिला के समस्त नागरिकों को साहिबगंज पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

Happy INDEPENDENCE day

निवदेक
पुलिस अधीक्षक
साहिबगंज

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–35/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Multipurpose Hall Building in Campus of Ranchi University Morabadi, Ranchi | 2957100 | 59200 | 5000 | Two Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 332841 Building(24-25).D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 02, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE
Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.- 02 - 04/2024-25

Sealed Quotations are invited for the work **Infrastructure Upgradation Work at JAPIT, Engineering Hostel No-01, HEC, Dhurwa, Ranchi.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/ Suppliers/ Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 16.08.2024 के अपराहन् 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 23.08.2024 के अपराहन् 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 24.08.2024 अपराहन् 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 7992430721
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-02, Ranchi

PR 332833 Building (24-25)_D

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
National Career Service

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर,गुमला

भर्ती कैम्प–2024, सूचना

राज्य के बेराजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्येश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के तत्वाधान में दिनांक–17.08.2024 दिन (शनिवार) के पूर्वाहन 10:30 से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

**स्थानः–Government ITI, सी0आर0पी0एफ0 कैम्प, सिलम, तिंरा, गुमला, कार्यालय परिसर में।**

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of the Vacancy | Qualification Required | | Experi ence/ Hight | Age(Min. /max) | (Pay/Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desira ble | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | TELE COMMUNICATION CONSULTANT INDIA LIMITED | Information and Communication Technology Instructor | 13 | Diploma in Computer Science/ MCA/ BCA/ B.sc IT/ BE/B Tech/ M Tech in Computer Science/PGDCA From Govt Recognised University. | B.ed/ M.ed. | Nil | 18 to 35 Years.(Male Female Both) | 10,000/- CTC Per Month | GUMLA |
| | | Information and Communication Technology Instructor | 15 | | | | | | SIMDEGA |
| | | Information and Communication Technology Instructor | 14 | | | | | | KHUNTI |
| | | Information and Communication Technology Instructor | 14 | | | | | | LATEHAR |
| 2 | SPANDANA SPHOORTY FINANCIAL LTD, JHARKHAND | Loan Officer (Credit Assistant) | 10 | 12th, ITI, Diploma, Graduate Pass | Nil | Nil | 19-27 Years | 12,000/- Per Month (Extra Fuel and Incentive.) | All Jharkhand |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदी की नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id Card (Self Attested), Own Bike/Scooty RC(Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उसे निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।


अतः इस प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
**किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं हैं।**

विश्वासभाजन
जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 332801 Labour Employment and Traning(24-25)#D




## भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री का निधन



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के कर्णपुरा पंचायत मानपुर गांव निवासी सह भाजपा किसान मोर्चा के सत्येंद्र पाठक उम्र 51वर्ष का निधन बीते शाम ईलाज के क्रम मे रिम्स में हो गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी के कहा कि यह पार्टी का अपूरणीय क्षति है। पाठक जी मृदुभाषी मिलनसार हसमुख प्रवृति के कर्मठ अदभुत प्रतिभा के धनी सहयोगी इंसान थे। वे इसके पूर्व संघ परिवार से जुड़े हुए थे और भाजपा की विचारधारा इनके जीवन में कूट-कूट कर भरी हुई थी। ये अपने पीछे पत्नी एक पुत्र एक पुत्री छोड़ गये है। शोक व्यक्त करने वालों में मंडल विस्तारक धनंजय सिंह, महामंत्री राजेश सिंह, रविंद्र चौधरी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष पिंकू सिंह, सांसद प्रतिनिधी प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, रूपनारायण यादव, सुमन गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष शंकर चंद्रवंशी, एससी मोर्चा के अध्यक्ष अजय बैठा,मन्तोष पासवान, रामकेवल पासवान, राकेश विश्वकर्मा, अमित प्रकाश, कंचन कुमार सिंह, मगरू साह, अक्षय लाल, संजय आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की।

# भारत का बंटवारा हमारे इतिहास की सबसे दर्दनाक घटना : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आज आरकेवीएस बीएड कॉलेज गढ़वा में 14 अगस्त 1947 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मजहबी उन्माद के चलते मातृभूमि के हुए दु:खद विभाजन की इस अमानवीय त्रासदी में बलिदान हुए सभी निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय ने उपस्थित होकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने 14 अगस्त 1947 को हुए देश के विभाजन के बारे में उपस्थित सभी लोगों को विस्तार रूप से बताते हुए कहा कि 14 अगस्त ऐसा काला दिन है भारत के लिए जो भारत देश के इतिहास में फिर कभी नहीं होगा। देश का निर्माण हुआ है इसके पीछे न जाने कितने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी न जाने कितने ही लोग अपने अपने घरों से बेघर हुए। इस विभाजन के दौरान अनेक परिवार एक दूसरे से बिछड़ गये और लाखों लोग विभाजन के कारण हुए दंगों की भेंट चढ़ गए। इसी कारण से वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनायें जाने की घोषणा की थी। 15 अगस्त 1947 को भारत को अंग्रेजों की लगभग 200 वर्ष की दासता के बाद आजादी मिली थी। यह निश्चित ही भारत के लिए एक ऐतिहासिक और सौभाग्य का दिन है। इसी खुशी में भारतीय हर साल स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। इस दिन हर एक भारतीय खुश था। लेकिन अंग्रजों ने जाते-जाते भी भारत में बंटवारे का बीज डाल दिया। कार्यक्रम में आरके वीएस बीएड कॉलेज गढ़वा के प्राचार्य चंद्रदीप पांडेय, रितेश सिंह, राजन चौबे, रोहित दुबे, रोशन दुबे, आनंद मिश्रा सहित बीएड और डीएलएड के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने इंदरवाटांड़ में निकाली तिरंगा यात्रा



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के सदस्यों और प्रशिक्षुओं द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गयी और ग्रामीणों को तिरंगे झंडे का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ध्वज हमारे राष्ट्र की पहचान और स्वाभिमान का प्रतीक है। जो हमें सदैव एकीकरण का संदेश देश देता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने अपने संबोधन में ग्रामीणों को 'हर घर तिरंगा अभियान' के महत्ता और उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2022- 24 और 2023- 25 के प्रशिक्षु स्वाति कुमारी, निराला कुमारी, रजनी कुमारी, जितेंद्र यादव, सुनिल कुमार वर्मा, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक और ओंकार कुमार उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।



स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय
लोहरदगा, झारखण्ड ।

झारखण्ड सरकार के द्वारा वामपंथी उग्रवादियों एवं पुनर्वास हेतु नयी नीति / योजना की स्वीकृत मुख्य सूचनाएं : -

1. विधि व्यवस्था के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती उग्रवाद की समस्या है। जिससे लोहरदगा जिला इस समस्या से गंभीर रूप से आक्रांत है। आत्म समर्पित नक्सलियों को भुगतेय पुनर्वास अनुदान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जाएगा:-

| क्र0 सं. | श्रेणी | पुनर्वास अनुदान राशि |
|---|---|---|
| 1. | ए श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके उपर स्तर के नक्सली | रू0-6,00,000/- (छः लाख) |
| 2. | बी श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके नीचे स्तर के नक्सली | रू0-3,00,000/- (तीन लाख) |

2. कार्यशील एवं नियमित आग्नेयास्त्र (Regular) गोला-बारूद के समर्पण के बदले अतिरिक्त भुगतान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जायेगा :-

| क्र0 सं. | श्रेणी | पुनर्वास अनुदान राशि |
|---|---|---|
| 1. | रॉकेट लांचर / एल०एम०जी० | 1,00,000/- |
| 2. | ए०के० 47/56/74 रायफल /स्नाईपर रायफल / इंसास / एस०एल०आर० | 75,000/- |
| 3. | 303 रायफल / पिस्टल / रिवाल्वर/ कार्बाइन | 25,000/- |
| 4. | 315 रायफल और अन्य रायफल | 15,000/- |
| 5. | रिमोट कंट्रोल डिवाईसेस | 6,000/- |
| 6. | ग्रेनेड/हैण्ड / ग्रेनेड | 2,000/- |
| 7. | वायरलेस सेट | 2,000/- से 10,000/- (रेंज के आधार पर) |
| 8. | आई०ई०डी० | 6,000/- |
| 9. | विस्फोटक सामग्री द्धपति कि०ग्रा० | 2,000/- |

3. प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखण्ड द्वारा जिलों में संचालित कौशल विकास केन्द्रो में उपलब्ध विभिन्न संकायो में व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

अथवा

पुनर्वास समिति द्वारा रू0-6,000/- (छः हजार) प्रतिमाह की वृति पर एक वर्ष तक के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। विशेष परिस्थिति में व्यवसायिक प्रशिक्षण की अवधि एक अतिरिक्त वर्ष तक के लिए विस्तारित की जा सकेगी।

4. अधिकतम चार डिसमील जमीन गृह निर्माण हेतु आवंटित की जाएगी।
5. यदि प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी के सिर पर उसके मारे जाने या गिरफ्तार होने पर कोई सरकारी ईनाम घोषित हो तो समर्पण के उपरांत घोषित ईनाम की राशि भुगतान की जायेगी।
6. मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत महिला उग्रवादी एवं उग्रवादियों की पुत्रियों के वैवाहिक कार्यक्रम हेतु अनुदान राशि दी जाएगी।


पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा। - मो0 नं0-9431706218
पुलिस उपाधीक्षक,(मु0), लोहरदगा।- मो0 नं0-9431361305
अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, लोहरदगा।- मो0 नं0-9431129614
अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, किस्को, लोहरदगा।- मो0 नं0-70045400

निवेदक :
लोहरदगा पुलिस
















# सराहनीय है शौकत खान का जनहित में सेवा कार्य : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बुधवार को जश्न ऐ आजादी से एक दिन पुर्व निः शुल्क कपड़ा बैंक संचालक शौकत खान ने अनोखी पहल की। आज राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक समाजसेवी शौकत खान ने गढवा पुलिस प्रशासन और गढ़वा जिला के मिडिया बंधू के साथ मिलकर संयुक्त रूप से आम नागरिकों कि रक्षा और सुरक्षा के लिए सड़क पर उतर कर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का बड़े पैमाने पर आयोजन किया। इस सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने पुलिस कंट्रोल रूम के बाहर सड़कों पर उतर कर तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने वाले और बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने वाले लोगों को प्यार से समझाकर उन्हें गुलाब का फुल देकर उन्हें जागरूक किया और कहा, आप सभी खुद जागरूक होकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन किजिये और एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दिजिये। कुछ लोग इलाज कराने जल्दबाजी में बिना हेलमेट के निकल गये, ऐसे रियल हेलमेट के जरुरतमंद लोगों को एसपी दीपक कुमार पांडेय और समाजसेवी शौकत खान ने उन्हें निःशुल्क हेलमेट भेट किया और उन्हें तिरंगा और गुलाब का फुल भी भेंटकर जश्ने आजादी कि शुभकामनाएं दिये। वहीं एक ग्रामीण दंपत्ति परिवार अपने बच्चे कि इलाज कराने गढ़वा आयी थी। सड़क पर ढ़ेर सारे पुलिस को देखकर थम सी गयी, लेकिन जब एसपी की नजर उन पर पड़ी, तो एसपी खुद से उनके पास जाकर उनकी हाल चाल लिये और उनके पति को हेलमेट और महीला को तिरंगा भेट किया, तो महिला की आंखों से खुशियों के आंसू छलक पड़ी और एसपी को निहारते हुए कही कि आज से वादा बा अपन घर वाले के बिना हेलमेट के घर से बाहर नहीं निकले देब। इस ऐतिहासिक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान पर गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता में कहा कि समाजसेवी शौकत खान पुलिस और पत्रकार के साथ मिलकर अनोखे अंदाज में राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह मनाया और सड़क सुरक्षा पर लोगों के बिच तिरंगा के साथ निःशुल्क हेलमेट और गुलाब बांटने का जो जनहित में अनोखा जागरूकता अभियान है। वहीं राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने वाले शौकत खान ने प्रेस वार्ता में कहा मानवता कि सेवा में हम लगातार दस वर्षों से निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करते आ रहे है और अब तक दो लाख से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेटकर कर चुके हैं और अपने निशुल्क कपड़ा बैंक से दस लाख से अधिक जरुरतमंदों कि सेवा दे चुके हैं। आज मेरे लिए और मेरे गढ़वा जिले के लिए गौरव का दिन है क्योंकि आज बुधवार को गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय को राष्ट्रपति द्वारा इन्हें राष्ट्रपति विरता पुरस्कार के लिए चुना गया है, जो गढ़वा के लिए गौरव की बात है। इसी उपलक्ष्य में मैंने गढ़वा एसपी को शॉल ओढ़ाकर और अशोक चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेटकर सम्मानित किया और खुद को गौरवांवित महसूस किया। मौके पर गढ़वा डीएसपी निरज कुमार, डीएसपी चिरंजीवी मंडल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर जेके आजाद, पीसीआर के सब इंस्पेक्टर, पुलिस अवर निरीक्षक, सहायक पुलिस निरीक्षक, और बहुत सारे पत्रकार बंधु और सारेगामा म्यूजिकल कारवां के डायरेक्टर उमेश विश्वकर्मा के साथ साथ राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान के सहयोगी सदस्य साजिद खान समेत बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

# कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर मामले की न्यायिक जांच हो : शशि

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन शाखा गढ़वा के जिला कोषाध्यक्ष शशि यादव, और जिला अध्यक्ष ओमकार चौधरी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कोलकाता के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप जो हुआ वैसी दरंदिगी शायद ही किसी ने देखी हो बेरहमी से पिटाई फिर रेप और अंत में मर्डर। इस दरिंदगी ने सबको रुला दिया है, डॉक्टर के साथ दरिंदगी की हद पार हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आयी की कातिल ने उसे इतनी बुरी तरह से पीटा था, इसमें पीड़िता के चश्मे चकनाचूर हो गये थे, कांच के टुकड़े उसकी आंखों में घुस गये थे, आज लोग डॉक्टर को भगवान के दूसरा रूप मानते है, और वहीं डॉक्टर रूपी भगवान को बेरहमी से पिटायी फिर रेप और अंत में मर्डर। आप भगवान मत मानो लेकिन किसी को अपनी जिंदगी जीने दो। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन पीड़िता के परिवार के साथ है और न्याय की मांग करता है दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए जिससे कि भविष्य में आगे इस प्रकार के घटना ना हो सके, अगर ऐसा नहीं होता है तो एसोसिएशन उग्र आंदोलन करेगा।







# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** देश की आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आर के पब्लिक स्कूल में अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। आज जूनियर विंग के द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों की झांकी प्रस्तुत की गई वहीं सीनियर विंग के द्वारा 'असेंबली विथ तिरंगा' आयोजित किया गया। देश के नौनिहालों के हाथों में तिरंगा लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत कर रहा था। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान एक जन आंदोलन बन गया है, जिसमें हर कोई एकजुट होकर राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहा है। गांवों से लेकर शहरों तक, पूरे देश में लोग तिरंगा फहरा रहे हैं और हमारे देश के लिए बहादुरी से लडने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। इस अभियान ने युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से प्रभावित किया है और उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम की यादों को संजोने के लिए प्रोत्साहित किया है। आज पूरा देश भारत माता के वीर-वीरांगनाओं व शहीदों को याद कर उन्हें नमन कर रहा है। तिरंगा हमारा स्वाभिमान और गौरव है। तिरंगा देश की आन-बान और शान है जो देश को एकसूत्र में बांधने का प्रतीक है। असेंबली विथ तिरंगा के दौरान 'भारत माता की जय','जय हिंद','वंदे मातरम' व स्वतंत्रता सेनानियों के नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। छात्र-छात्राओं के बीच पोस्टर प्रतियोगिता और देशभक्ति गायन की प्रतियोगिता भी आयोजित करायी गयी, जिसमें सफल प्रतिभागियों को कल स्वतंत्रता दिवस के दिन पुरस्कृत किया जायेगा।

## सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप ने किया पौधे का वितरण

केतार (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप के द्वारा केतार पंचायत सचिवालय में 250 फलदार पौधे का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रुप के संस्थापक अनुपम कुमार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रुप के सभी लोगों को शुभकामना दिया है। साथ ही उन्होंने बताया कि सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन झारखंड और बिहार में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगभग 10 वर्षो से कार्य कर रही है। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, उप मुखिया संजय पाल, छोटू तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हाथियों ने मचाया उत्पात, फसलों को रौंदा

गोला (आजाद सिपाही)। वन क्षेत्र के गावों में इन दिनों हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। इन दिनों हाथियों का झुंड क्षेत्र के बेटुलकलां, पतरातु, बीसा, मुरुडीह, टांडील, संग्रामपुर, बाबलोंग आदि दर्जनों गावों में लगातार उत्पात मचा रहे हैं। प्रत्येक दिन किसी न किसी गांव में प्रवेश कर जाते हैं और फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे किसान काफी चिंतित हैं। बताया गया कि बेटुलकला पंचायत के पूर्व मुखिया मुन्नी किशोर महतो, निरंजन महतो, महावीर महतो, सुरेंद्र महतो, मुरुडीह गांव के पोखन महतो आदि किसानों के मकई की फसल को खाते हुए रौंदकर बर्बाद कर दिया। वहीं अन्य फसलों को भी बर्बाद कर दिया। किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों से क्षतिपूर्ति मुआवजा भुगतान की मांग की है।






मंत्री मिथिलेश ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में किया जनसंवाद, कहा


# जनता के बीच रहकर जनता के लिए करता हूं राजनीति

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर बुधवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय के दोनों पंचायत के विभिन्न गांव में जनसंवाद कार्यक्रम कर लोगों से सीधा संवाद किया। मौके पर पर उन्होंने कहा है कि मैं जनता के बीच रहकर जनता के लिए राजनीति करता हूं। अपने निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि जनसेवा के लिए राजनीति करता हूं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं वह किसी जनता की नहीं बल्कि मेरी अपनी समस्या है। जनता का सेवा और क्षेत्र का विकास करना ही मेरा कर्म व धर्म है। आज तक मैं झूठ और फरेब का सहारा लेकर राजनीति या कोई भी काम करना नहीं सीखा है। पूरी इमानदारी के साथ कार्य करता हूं। आज उसी का परिणाम है कि सबसे पिछड़े जिले का उदाहरण बन चुका गढ़वा अब विकसित जिलों में शुमार है। उन्होंने कहा कि गढ़वा को और आगे ले जाने के लिए जनता का सहयोग और आशीर्वाद की जरूरत है। गढ़वा के लोग अगले विधानसभा चुनाव में सोच समझ कर मतदान करें और क्षेत्र का विकास व जनता का सेवा करने वाले को ही प्रतिनिधि चुनें। ताकि आने वाले समय में गढ़वा और बेहतर बन सके। मंत्री श्री ठाकुर ने मेराल पश्चिमी पंचायत के मकुना टोला में विद्यालय के पास, बाजार टोला शेड में, छःआना टोला तालाब के पास, मेराल पूर्वी पंचायत के ईदगाह टोला में ईदगाह के पास, चरका पत्थर मस्जिद के पास, मुड़ल टोला शिव मंदिर के पास, पुरबारा टोला में बड़का खलिहान के पास तथा बस स्टैंड में अंबेडकर चौक के पास आयोजित जनसंवाद में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मंत्री ने कई लोगों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ मंत्री को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, प्रखंड प्रमुख दीपमाला, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, अतहर अली, मजमुद्दीन अंसारी, राही, अनुज प्रसाद, प्रमोद महाजन, नाथुन राम, जगजीवन राम, विनोद चौधरी, मुखिया रामसागर महतो, मनदीप सिंह, अरविंद महतो, अशोक राम, मुन्ना राम, यासीन अंसारी, अली शेर अंसारी, चंदा देवी, राजेश बैठा, सहबाज अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## नाबालिग की सड़क दुर्घटना में मौत



हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत डूमरसोता पंचायत के गांव के ही बटुरी टोला निवासी 16 वर्षीय नाबालिग की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी। प्राप्त सूचना के अनुसार बुधवार की शाम डूमरसोता गांव के बटुरी टोले पर गांव के चांदनी चौक निवासी नंदू मेहता का 16 वर्षीय पुत्र उपेंद्र मेहता की मृत्यु बगल के 10 फिट नीचे ट्रैक्टर पलटने की वजह से इंजन के नीचे दबने से हो गयी। घटना स्थल पर प्रदेश प्रमुख संघ अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडेय, युवा नेता शशांक शेखर, डूमरसोता मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा, भवनाथपुर विधायक प्रत्याशी निर्मल विश्वकर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।







## झारखंड राज्य निर्माणकर्ता आंदोलनकारी नेता की चौथी पुण्यतिथि मनायी गयी




**रजरप्पा ।** झारखंड अलग राज्य के महान आंदोलनकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्य क्षेत्र में सामाजिक कार्यों समाजसेवी के नाम से जाना जाने वाले स्व काली प्रसाद चक्रवर्ती काली बाबू के चतुर्थ पुण्यतिथि 14 अगस्त को विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। झारखंड के जल जंगल जमीन के बचाव यहां के लोगों के विस्थापित प्रभावित किसान मजदूर और नौजवानों के प्रति काफी चिंतनशील रहते थे। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक अर्जून राम महतो, रामगढ़ पूर्व विधायक ममता देवी, जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, पूर्व रामगढ़ विधानसभा उम्मीदवार बजरंग महतो, पंचायती राज कमेटी के शांतनु मिश्रा, संतोष सोनी, मनोज पुझर, कमलेश कुमार, प्रेम शंकर प्रसाद, लक्ष्मीनारायण, गौरी शंकर महतो, आलम, कपिल, चंदन प्रसाद, हरिचरण, रामदेव, तुलसी, नितिश, लालू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## आजादी की लड़ाई में युवा क्रांतिकारी पहली पंक्ति में लड़े : रामाशीष यादव



माझीआंव (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता रामाशीष यादव के नेतृत्व में बुधवार को मंझीआंव प्रखंड में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में करीब डेढ़ हजार से अधिक मोटरसाइकिल और सैंकड़ों चार पहिया वाहन शामिल रहे। इसमें हजारों की तादाद में बिश्रामपुर विधानसभा के युवाओं की भागीदारी रही वहीं लाखों की संख्या में लोग इस विशाल तिरंगा यात्रा के साक्षी बनें। तिरंगा यात्रा का आगाज कोयल नदी पुल पर से हुआ। तिरंगा यात्रा समापन कार्यक्रम में भाजपा नेता रामाशीष यादव ने आजादी के लिए अपनी जान को कुर्बान करने वाले शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश पर जब जब मुसीबत में आई सबसे पहली पंक्ति में खड़े होकर युवाओं ने लड़ाइयां लड़ीं। खुदी राम बोस, शहद ए आजम भगत सिंह, बिरसा मुंडा, सुखदेव, रामप्रसाद बिस्मिल, वीर सावरकर जैसे युवा स्वतंत्रकारियों की कुबार्नी के बिना हम आजादी की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इनकी कुर्बानियों को हमारी पीढ़ी याद करती रहेगी।






















# सीआरपीएफ ने निकाली बाइक रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम के तहत 158 बटालियन कमांडेंट-158 बटालियन राहुल कुमार के नेतृत्व में तिरंगा झंडा के साथ 'बाइक रैली' निकाली गयी। बाईक रैली के माध्यम से स्थानीय लोगो के मन में तिरंगा के महत्व के बारे में भावना जागृत करना और उन्हे अपने घरो में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया । इस दौरान कमांडेंट राहुल कुमार समेत अधिकारियों तथा जवानों द्वारा रेलवे स्टेशन, बीएस कॉलेज, बरवा-टोली, बड़ी मस्जिद, बस स्टेंड तथा पतरा टोली के रास्ते बाइक रैली निकली गयी। इस दौरान स्थानीय लोगो को तिरंगा झण्डा वितरित किया गया। घरों में तिरंगा लगाने, फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी के लिए प्रोत्साहित किया गया। वर्तमान में 158 बटालियन की कंपनियां मणिपुर राज्य में भी तैनात है। मणिपुर में तैनात वहां भी कंपनी में उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने तिरंगा के साथ पैदल मार्च किया। आयोजन करते हुए स्थानीय बच्चों, एवं लोगो को तिरंगे के महत्व के बारे में बताया और उन्हे अपने-अपने घरो में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।

# 16 और 17 अगस्त को एकमुश्त ऋण समझौता शिविर

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो के शाखा प्रबंधक सुशील कुमार व बैंक ऑफ इंडिया जामु शाखा के प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि उपभोक्ता सरकार के द्वारा चलाई जा रही एकमुश्त ऋण समझौता योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए 16 अगस्त व 17 अगस्त को 11 बजे से बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो व बैंक ऑफ इंडिया शाखा जामु में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उनलोगों ने बताया कि यदि किसी खाता धारक का कोई ऋण अधूरा है या फिर वह डिफाल्टर की श्रेणी में आ चुका है, तो एकमुश्त ऋण समझौता योजना का लाभ उठा सकते है। इसमें उपभोक्ता को भारी छूट दी जायेगी। जिससे खाताधारक आसानी से ऋण का निपटान कर सकेंगे। यदि कोई खाताधारक एक साथ किसी भी ऋण का निपटान करने में असमर्थ है तो उसे एक समय सीमा के अंदर किस्तों में ऋण चुकाने का मौका दिया जायेगा।

# छात्रा ने लगायी फांसी



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत ईटाय में बुधवार को एक छात्रा ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। घर वालों के अनुसार ईटाय टाँड़पर गाँव की रहने वाली छात्रा ने घर में आत्महत्या करने के लिए फांसी लगा ली। घर वाले आनन-फानन में उसे प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक छात्रा की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, राजगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज



धनबाद (आजाद सिपाही)। डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने जांच अभियान चलाया। इस संबंध में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि डीसी द्वारा दिए गये निर्देश के अनुपालन में बुधवार को सुबह में खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, विजय करमाली, बसंत उरांव और आवंटित पुलिस सशस्त्र बल के साथ संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में राजगंज थाना अंतर्गत धारकिरो बरवाडीह, मेन रोड पर बालू लदा एक ट्रेक्टर को पकड़ा गया।


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय

खूँटी, झारखण्ड ।

झारखण्ड सरकार के द्वारा वामपंथी उग्रवादियों एवं पुनर्वास हेतु नयी नीति / योजना की स्वीकृत मुख्य सूचनाएं : -

आत्मसमर्पित नक्सलियों को भुगतेय पुनर्वास अनुदान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जायेगा ।

| क्र0 सं. | श्रेणी | पुनर्वास अनुदान राशि |
|---|---|---|
| 1. | ए श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके उपर स्तर के नक्सली | रू0-6,00,000/- (छः लाख) |
| 2. | बी श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके नीचे स्तर के नक्सली | रू0-3,00,000/- (तीन लाख) |

2. कार्यशील एवं नियमित आग्नेयास्त्र (Regular) गोला-बारूद के समर्पण के बदले अतिरिक्त भुगतान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जायेगा :-

| क्र0 सं. | श्रेणी | पुनर्वास अनुदान राशि |
|---|---|---|
| 1. | रॉकेट लांचर / एल0एम0जी0 | 1,00,000/- |
| 2. | ए0के0 47/56/74 रायफल /स्नाईपर रायफल / इंसास / एस0एल0आर0 | 75,000/- |
| 3. | 303 रायफल / पिस्टल / रिवाल्वर/ कार्वाइन | 25,000/- |
| 4. | 315 रायफल और अन्य रायफल | 15,000/- |
| 5. | रिमोट कंट्रोल डिवाईसेस | 6,000/- |
| 6. | ग्रेनेड/हैण्ड / ग्रेनेड | 2,000/- |
| 7. | वायरलेस सेट | 2,000/- से 10,000/- (रेंज के आधार पर) |
| 8. | आई0ई0डी0 | 6,000/- |
| 9. | विस्फोटक सामग्री द्धपति कि0ग्रा0 | 2,000/- |

3. प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखण्ड द्वारा जिलों में संचालित कौशल विकास केन्द्रो में उपलब्ध विभिन्न संकायो में व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

अथवा

पुनर्वास समिति द्वारा रू0-6,000/- (छः हजार) प्रतिमाह की वृति पर एक वर्ष तक के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। विशेष परिस्थिति में व्यवसायिक प्रशिक्षण की अवधि एक अतिरिक्त वर्ष तक के लिए विस्तारित की जा सकेगी।

4. गृह निमार्ण हेतु अधिकतम चार डिसमील जमीन आवंटित की जाएगी एवं रू0-50,000/- (पचास हजार) गृह निर्माण के लिए दी जायेगी।

5. यदि प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी के सिर पर उसके मारे जाने या गिरफ्तार होने पर कोई सरकारी ईनाम घोषित हो तो समर्पण के उपरांत घोषित ईनाम की राशि भुगतान की जायेगी।


पुलिस अधीक्षक खूँटी - 94317 06116
अपर पुलिस अधीक्षक (अभि0) खूँटी - 94317 06454
सह पुलिस उपाधीक्षक (मु0 खूँटी) - 94711 94993

अनु0पु0पदा0, खूँटी - 94317 06145
अनु0पु0पदा0, तोरपा - 72600 72500

निवेदक
खूँटी पुलिस।

ज्ञापांक : 821 / ले0 शा0 दिनांक 10.08.2024








# भाजपा महिला मोर्चा का आक्रोश प्रदर्शन

**झारखंड के मान सम्मान को हेमंत सरकार ने तुष्टिकरण कर गिरवी रख दी है।**


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** हमारी जंग रहेगी जारी महिलाएं पड़ेगी तुम पर भारी। भाजपा की नाज हैं हम जुल्म की आवाज हैं हम के नारों के साथ भाजपा महिला मोर्चा का आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन आज असंवेदनशील झारखंड सरकार के तानाशाही-अफसरशाही के खिलाफ किया गया। महिला मोर्चा के कार्यकर्ता गण पालकोट रोड शक्ति मंदिर के समीप एकत्रित होकर रैली में शामिल हुए। शहर के मुख्य मार्ग में हेमंत सरकार के खिलाफ महिला मोर्चा ने जमकर नारेबाजी की, उपायुक्त कार्यालय का घेराव करते हुए जुलूस सभा में तब्दील हो गया। उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री सोनामणि उरांव व पायल तिवारी ने कहा जब से है राज्य में हेमंत सरकार की आई है महिलाओं के उत्पीड़न, अत्याचार-बलात्कार की घटना में रिकॉर्ड निरंतर बढ़ोतरी हुई है। झारखंड का मान सम्मान हेमंत सरकार ने तुष्टिकरण कर गिरवी रख दिया है। भाजपा महिला मोर्चा ने पूरे राज्य में संकल्प लिया है इस भ्रष्टाचारी महिलाओं को ठगने वाली सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में सबक सिखायेगी, महाठग गठबंधन सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू,पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रेणु तिर्की, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, राम अवतार भगत, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, खुशमंन नायक सूरज साहू, सुरेश सिंह, अरविंद मिश्रा, गौरी किंडो, संदीप प्रसाद, विद्या मिश्रा, संजय गुप्ता, दीपांकर साहू, विकास सिंह, शंभू सिंह अवधेश प्रताप शाहदेव, हरिहर कुमार, पुष्पा देवी, ललिता गुप्ता, सुनीता देवी, प्रियंका देवी, गुड्डी नंदा, पिंकी देवी सावित्री देवी, रीना देवी, अनीषा मिश्रा, तारा दुबे, लक्ष्मी देवी रूपा केसरी, जैस्मिता देवी, अनीता देवी, रेशम देवी, संजय साहू, अशोक साहू, नीलम गुप्ता, सोनी भगत, तारा देवी, शीला देवी, बबिता तिर्की, वीणा देवी, शांति देवी, लीला देवी, मीरा देवी, मीनी उरांव, झरियो देवी, फूलमनी देवी, तेतरी महतो, तारा देवी, मधु कुमारी, जयंती देवी, खुशबू देवी छोटेलाल भगत, सुशील गोस्वामी, सनोज वर्मा ,जागेश्वर सिंह, विजय सिंह पिंटू, रीमा देवी, उज्जवल मिश्रा,पुष्पा देवी, शंकर शाही, संतोष देवघरिया, प्रकाश नारायण सिंह व अन्य प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।







# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** 1947 में देश को बंटवारे के साथ आजादी देने की घोषणा हुई लेकिन भारत विभाजन के साथ ही हर तरफ दंगे शुरू हो गए अंग्रेजों ने भारत छोड़ा पर फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई और दो समुदायों को आपस में लड़ा दिया, जिसके कारण इस क्रूर त्रासदी में करीब 10 लाख निर्दोष बच्चों महिलाओं और पुरुषों का नरसंहार हुआ। भारत विभाजन के समय हुआ या नरसंहार दुनिया की सबसे बड़ी नरसंहारों में से एक है। इसको याद करते हुए भाजपा गुमला जिला ने विभाजन विभीषिका समृति विचार का स्थिति दिवस विचार गोष्ठी मना कर नरसंहारों में मारे गए लाखों निर्देश लोगों को याद कर श्रद्धांजलि दी संवेदना प्रकट किया। आनंदमई भवन बिरसा मुंडा पार्क में मुख्य रूप से प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने भारत के विभाजन की दास्तान को बताया, किस तरह मजहब के नाम से देश को बाटकर निर्दोष लोगों को नरसंहार करवाया गया। करोड़ भारतीय शरणार्थी हो गये। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वाराव2014 से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की परंपरा राष्ट्र निर्माण की ओर उठाया गया मजबूत कदम है। उन्होंने कहा अतीत को याद करते हुए आज राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ मिलकर काम करते हुए देश को आगे ले जाना है।


















# बीजद सरकार के समय राज्य में हुए हत्याकांड की दोबारा जांच होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीजद सरकार के समय राज्य में हुए सभी चर्चित हत्याकांडों की जांच होगी। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने यह जानकारी दी। नव दास, ममिता मेहर, स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती हत्याकांड ही नहीं बल्कि सभी हाइपरफाल हत्याकांड की दोबारा जांच होगी। हत्या का जो मामला आज तक नहीं सुलझ सका है, उसका समाधान निकलने तक कदम उठाये जायेंगे। जिस स्थान पर अनैतिक कार्य किया गया है उसकी जांच की जायेगी। उसकी सभी अनैतिक गतिविधियों की जांच की जायेगी। कानून मंत्री ने कहा कि जल्द ही स्पष्ट तस्वीर सामने आ जायेगी। इससे पहले कानून मंत्री ने राष्ट्रीय मीडिया को जानकारी दी कि नब दास, ममिता मेहर, सामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या की फिर से जांच की जायेगी।

# हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित




**हेरहंज (लातेहार) (आजाद सिपाही)।** हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित की गयी। देश के आजादी के 78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त बुधवार को जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व सीआरपीएफ बटालियन कमांडेंट विनय कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर थाना में तैनात थाना प्रभारी विक्रम कुमार व सीआरपीएफ 11/सी के इंस्पेक्टर पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में सीआरपीएफ बटालियन के जवान व जिला पुलिस बल के जवानों ने संयुक्त रूप से तिरंगा रैली निकाली। देश की आन बान व शान का प्रतीक तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय का जयकारा लगते हुवे जवान थाना परिसर से लेकर बस स्टैंड होते हुए भंडार चौक तैलिक मुहल्ला, श्रीराम जानकी मंदिर परिसर, यादव मुहल्ला, बाजारटांड़ होते पुनः थाना परिसर में समापन किया।
























# पासवा ने किया पौधों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा के तत्वाधान में द रामेश्वर वैली स्कूल के प्रांगण में फलदार पौधों का वितरण हुआ संपन्न। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, उद्घाटनकर्ता अमित कुमार यादव विधायक बरकट्ठा, विशिष्ट अतिथि डॉ नीरा यादव, पूर्व मंत्री व विधायक कोडरमा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। अतिथियों का सम्मान पुष्पगुच्छ, मोमेंटो और फलदार पौधे देकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ बीएनपी बर्णवाल और संचालन अर्जुन चौधरी ने किया। विषय प्रवेश द आर वी एस के निदेशक प्रवीण मोदी ने करवाया। अतिथियों ने प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा को इस नेक कार्य के लिए काफी सराहना करते हुए संघ के सभी पदाधिकारी एवं संचालकों की हौसला अफजाई की। बतौर मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सभी लोग एक पौधा मां के नाम से जरूर लगायें।

# जयनगर के मां गंगा पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पूरी




आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के मां गंगा पब्लिक स्कूल मधवाटांड़ में भारत की स्वर्णिम आजादी की 78 वें स्वतन्त्रता दिवस की तैयारी जोरों पर चल रही है। प्राचार्य मुन्ना प्रसाद यादव ने एनसीसी छात्र-छात्राओं के साथ ही सभी ग्रुप परेड का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि विद्यालय में 78 वें स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाना है। मां गंगा पब्लिक स्कूल में 78 वें स्वतन्त्रता दिवस को सफल बनाने कि तैयारी किया जा रहा है।
















# डॉ संजय गिरि के प्रयास से नन्ही परी को जिंदगी मिली दोबारा

## मेदांता हॉस्पिटल पटना में तीन साल की तनु सबर का दिल का सफल ऑपरेशन






चाकुलिया। मानवता कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ संजय गिरि ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। उनके प्रयास का नतीजा रहा कि तीन साल की नन्ही परी को दोबारा जिंदगी मिली। दरअसल, चाकुलिया प्रखंड की सिमदी पंचायत अंतर्गत बैकंठपुर निवासी शंभु सबर की तीन साल की बेटी तनु सबर दिल की बीमारी से पीड़ित थी। परिजन सारी जगह डॉक्टर से दिखा कर थक चुके थे। परिजनों ने बच्ची को पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न जगहों पर इलाज कराया। सभी जगह दिल की बीमारी की पुष्टि हुई थी। घर का आलम यह था कि एक तरफ पूरा परिवार दाने-दाने को मोहताज था, वैसे में बच्ची के ऑपरेशन की बात भी सोचना परिवार के लिए दर्द भरा एहसास था, लेकिन बच्ची को तिल-तिल मरता देख भी नहीं सकते थे। इस अंधेरी जिंदगी में रोशनी की एक झलक मानवता कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ संजय गिरि के रूप में दिखायी पड़ी। समाज सेवा के लिए हर पल तत्पर रहनेवाले संजय गिरि को जब सारी बात पता चली, तो वह इस बच्ची की जिंदगी दोबारा देने की जंग में जुट गये। उनका यह प्रयास भी रंग लाया। चार दिन पहले डॉ संजय गिरि ने कार्यकर्ताओं के साथ के घर जाकर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। मां-बाप का दर्द और घर की माली हालत देखकर उनका कलेजा पसीज गया। उन्होंने बच्ची की सारी रिपोर्ट की जांच की, फिर उन्होंने उसे मेदांता हॉस्पिटल पटना में इलाज कराने की बात कही। अगले दिन मेदांता हॉस्पिटल के एचओडी डॉ पंकज कुमार गुप्ता से बात कर बच्ची के परिजन समेत पांच लोगों को पटना भेजा। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की जरूरत बतायी। डॉ संजय गिरि के प्रयास से शुक्रवार को बच्ची का सफल ऑपरेशन हुआ। इसके बाद रविवार को बच्ची समेत सभी लोग चाकुलिया पहुंचे। सफल ऑपरेशन के बाद परिजनों के चेहरे पर खुशियां देखते बन रही है। वह डॉक्टर संजय गिरि का आभार जताते नहीं थक रहे हैं। परिजनों ने कहा कि संजय गिरि हमारी नन्ही परी के लिए भगवान बनके आये और जिंदगी बचायी। बस से लेकर हॉस्पिटल के साथ रहना-खाना का पूरा खर्च डॉ संजय गिरि ने उठाया।



### पूरी टीम की मेहनत रंग लायी: संजय गिरि

डॉ संजय गिरि ने कहा कि तनु सबर का परिवार आदिम जनजाति है, जो कि गरीब है। झोपड़ी में रहता है। मेरी पूरी टीम के प्रयास से बच्ची का इलाज सफल रहा। इलाज में डॉ गिरि की टीम में रोनित महतो, बिपलेंदू प्रसाद, मिराज, पीयूष महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### खुशियों से चहक रहा आदिम जनजाति तनु का पूरा परिवार



# झुंड से बिछड़े हाथी ने सात घरों को तोड़ा



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू चंदवा प्रखंड क्षेत्र के सीमाने पर स्थित चंदवा के जमुआरी गांव में मंगलवार - बुधवार की मध्य रात्रि झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। एक के बाद एक 7 घरो को निशाना बनाते हुए राम महली, सुरेंदर मुंडा, अभिषेक सिंह, सतमी मोसेमात, दशरथ लोहरा, प्रदीप महली और संजय महली के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घरों में रखे अनाज को खा गए और बर्बाद कर दिया। वहीं दूसरी तरफ करीब 18 हाथियों की संख्या वांले झुंड ने गरीब किसानों की फसलों को रौंद डाला। ज्ञात हो कि ये सिलसिला करीब चार माह से चल रहा अकेला हाथी जहां लोगों के आशियानों को तबाह कर रहा है वहीं झुंड फसलों को नेस्तनाबूद करने पर उतारू है। हाथियों के आतंक से लोहरदगा के कुडू, कैरो, भंडरा और लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं।

# बाघीटांड स्टेडियम में होगा 15 अगस्त का मुख्य समारोह

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में 15 अगस्त की तैयारी पूरी कर ली गयी है। मुख्य समारोह बाघी टांड स्टेडियम में होगा जहां उपायुक्त मेघा भारद्वाज झंडोत्तोलन करेंगी। यहां परेड में जिला बल के प्लाटून, सीआरपीएफ के जवान, होमगार्ड जवान, वनरक्षी और स्कूल के बच्चों की टीम भाग लेंगी।



# एम्स भुवनेश्वर को भारत में 15वां सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया गया

**ओडिशा में सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज**

**2022 में 26 से इस वर्ष 15 तक लंबी छलांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने 2024 के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग में 15वां स्थान हासिल कर-के एक बार फिर ओडिशा राज्य और भारत के पूर्वी क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण वृद्धि का प्रतीक है। 2022 में 26वें स्थान से और पिछले वर्ष 17वें स्थान से, जो संस्थान की उल्लेखनीय प्रगति को दशार्ता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा जारी एनआईआरएफ रैंकिंग ने एम्स भुवनेश्वर को ओडिशा में सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज के रूप में मान्यता दी है। कार्यकारी निदेशक और सीईओ डॉ. आशुतोष विश्वास के दूरदर्शी नेतृत्व में, एम्स भुवनेश्वर ने बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, उपचार और अनुसंधान सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे इसकी प्रभावशाली रैंकिंग में योगदान हुआ है।



डॉ. आशुतोष विश्वास ने सभी संकाय सदस्यों, स्टाफ सदस्यों और छात्रों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए हार्दिक बधाई दी जिसके कारण यह उपलब्धि हासिल हुई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्थान रोगी देखभाल, अनुसंधान और मेडिकल छात्रों के समग्र विकास में उत्कृष्टता के अपने निरंतर प्रयास को जारी रखेगा।

एनआईआरएफ रैंकिंग पांच प्रमुख मापदंडों पर आधारित है: शिक्षण, शिक्षण और संसाधन (टीएलआर), अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (आरपी), स्नातक परिणाम (जीओ), आउटरीच और समावेशिता (ओआई), और सहकर्मी धारणा (पीपी)। एम्स भुवनेश्वर ने इस वर्ष 100 में से प्रभावशाली 62.97 अंक प्राप्त किए हैं, जो शैक्षणिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जैसा कि एम्स भुवनेश्वर अपना 11वां वर्ष मना रहा है, संस्थान पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण को पूरा करना जारी रख रहा है, जिन्होंने तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए संस्थान की स्थापना की थी।

## खोरधारोड मंडल ने हर घर तिरंगा अभियान किया शुरू





**भुवनेश्वर।** आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में, लोगों को तिरंगा घर लाने और इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, भारत की गौरवशाली स्वतंत्रता का जश्न मनाने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया गया है। खोरधारोड मंडल ने लोगों को इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु रेलवे स्टेशनों पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम शुरू की हैं। अभियान के एक हिस्से के रूप में, महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में हर घर तिरंगा गान बजाया गया। सेल्फी कॉर्नर स्थापित किये गये। रेलवे स्टेशनों पर घोषणायें की जा रही हैं और टीकर संदेश प्रदर्शित किये जा रहे हैं, जो यात्रियों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेते हुए खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने खोरधारोड मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का अनुरोध किया।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**